website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 06 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## खबर संक्षेप

### चिली के नए राष्ट्रपति बने जोस एंटोनियो कास्ट




**सैंटियागो।** जोस एंटोनियो कास्ट चिली के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। चुनाव अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। चिली चुनाव आयोग के अनुसार रन-ऑफ में 99.33 फीसदी वोटों की गिनती हुई। कास्ट को 99.33 में से 58.18 फीसदी वोट मिले। वहीं चिली के सत्ताधारी वामपंथी गठबंधन के उम्मीदवार जीनेट जारा को 41.82 फीसदी वोट मिले।

### पाक में ड्रोन के गिरने से 3 बच्चों की मौत




**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक आवासीय क्षेत्र में ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू जिले के मुमंद खेल इलाके में हुई जहां शनिवार देर रात एक ड्रोन घनी आबादी वाले इलाके में गिर गया जिससे बच्चों सहित कई लोग हताहत हुए। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्चे एवं मृतकों के शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

### जयशंकर आज से इजराइल के दौरे पर



**यरुशलम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी।

### हिंसा में 5 की मौत के बाद आपातकाल घोषित



**ग्वाटेमाला।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने पश्चिमी ग्वाटेमाला की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की रविवार को घोषणा की। ग्वाटेमाला में सशस्त्र लोगों द्वारा एक सैन्य चौकी एवं एक पुलिस थाने पर हमला किए जाने, सड़कों को अवरुद्ध किए जाने और बसों का अपहरण किए जाने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। इन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एरेवालो ने कहा कि आपराधिक गिरोह सुरक्षा बलों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं ।

## ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमला करने वाले पिता-पुत्र पाकिस्तानी मूल के

### सिडनी में हुआ नरसंहार का खुलासा

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में रविवार को हुई फायरिंग में अब तक 15 लोगों की मौत की खबर आई है। वहीं, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक यहूदी त्योहार- हनुक्का के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद से ही पूरे ऑस्ट्रेलिया में सनसनी मची है। लगभग पूरे ऑस्ट्रेलिया में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इसे 1996 को पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद से सबसे खतरनाक गोलीबारी करार दिया है।

अधिकारियों ने इस गोली को लेकर जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक हमला दो बंदूकधारियों ने किया। यह दोनों पिता-पुत्र थे, जिन्होंने खास तौर पर बॉन्डी बीच को ही निशाना बनाया और यहां लोगों पर गोलीबारी की। इनके नाम साजिद अकरम और नवीद अकरम बताए गए हैं।

*ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में यह गोलीबारी 8 दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे।*

*अब तक पंद्रह लोगों की मौत, यहूदियों पर की थी अंधाधुंध फायरिंग*

*हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया*



हमले के बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी

### काले कपड़े पहने हुए थे बंदूकधारी



आतंकी साजिद अकरम



आतंकी नवीद अकरम

इस घटना के दौरान की जो फुटेज सामने आई उनमें दो काले कपड़े पहने हुए बंदूकधारियों को कैंपबेल परेड मैदान और बॉन्डी बीच के पवेलियन के मध्य में बने पुल में खड़े देखा गया। ये दोनों लोग ऊंचाई की जगह से लगातार नीचे खड़े लोगों पर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस की तरफ से जो वीडियो साझा किए गए, उनके जरिए सामने आया कि एक बंदूकधारी साजिद अकरम और दूसरा उसका बेटा- नवीद अकरम था। साजिद पुल पर फायरिंग के बाद पार्क एरिया पहुंच गया। इस दौरान जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें लोगों को इधर-उधर भागते देखा गया।

### हमलावर साजिद पर 6 बंदूकें

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, साजिद अकरम फल बेचने के कारोबार में शामिल है। उसके पास न्यू साउथ वेल्स में छह बंदूकें रखने का लाइसेंस है। पुलिस का मानना है कि उसने सभी बंदूकों का इस्तेमाल यहूदियों पर हमले के लिए किया।

### कब-कैसे रची गई घटना की साजिश?

- पुलिस ने कुछ घंटों बाद हमलावरों की पहचान जारी कर दी। इसमें एक हमलावर
- साजिद अकरम (50) और दूसरा उसका बेटा- 24 वर्षीय नवीद अकरम था।
- इनका घर न्यू साउथ वेल्स के बोनीरिग में है, जो कि बॉन्डी बीच से करीब एक घंटे की दूरी पर है। आशंका है कि दोनों ने हमले की साजिश काफी पहले रच ली थी।
- उन्होंने कुछ हफ्ते पहले ही बॉन्डी बीच से आधे घंटे की दूरी पर स्थित कैंपसी में एक कमरा किराए पर ले लिया था। पुलिस ने यहां छापेमारी की है।
- इस जगह एक विस्फोटकों से भरा वाहन भी मिला, जिसके हमलावरों से जुड़े होने का शक है। पुलिस को घटना में किसी और के शामिल होने का शक नहीं है।

### घटना को लेकर क्या बोले परिजन?

- घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने परिवारवालों को बताया था कि वे वीकेंड में मछली पकड़ने (फिशिंग ट्रिप) के लिए जेर्विस बे की यात्रा पर जा रहे हैं।
- नवीद की मां- वेरेना ने बताया कि बेटे ने उन्हें हमले से कुछ घंटे पहले ही फोन किया था। उन्होंने कहा कि वे गोलीबारी के दौरान की तस्वीरों से बेटे को पहचान नहीं पाईं।

## ओमान पहुंचे पीएम मोदी, किंग अब्दुला के निमंत्रण पर, गर्मजोशी से स्वागत

# यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को और बढ़ाना जिनके साथ गहरे रिश्ते

एजेंसी ▶▶ मस्कट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का स्वागत किया। पीएम ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान कलाकारों ने मोदी के सामने कल्चरल परफॉर्मेंस दी। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

आपको बता दें, प्रधानमंत्री मोदी सोमवार से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की तीन देशों की राजकीय यात्रा पर हैं इस यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ाना है, जिनके साथ भारत के गहरे सभ्यतागत संबंध और नई दिल्ली के साथ मज़बूत समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं।

तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे पीएम मोदी | मोदी जॉर्डन में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले

### भारत-जॉर्डन रिश्ते के 75 साल पूरे



पीएम मोदी को जॉर्डन में सेरेमोनियल वेलकम दिया गया।

*भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26,033 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13,266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45,275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।*

### भारतीय समुदाय के लोगों से मिले मोदी

पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। वही मोदी के सामने कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया।

### यूरोप तक सामान पहुंचाने में बचेगा समय

भारत से कार्गो पहले समुद्री रास्ते से यूएई या सऊदी अरब पहुंचेगा। वहां से रेल के जरिए जॉर्डन और इजराइल होते हुए सीधे यूरोप तक भेज दिया जाएगा। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय बचेगा।

### यूरोप तक जल्दी पहुंचेगा भारत का सामान

*टीएमईसी को यूरोप और साउथ एशिया को सीधा जोड़ने वाला नया ट्रेड रूट माना जा रहा है। अभी भारत से यूरोप तक कार्गो स्वेज कैनाल और लाल सागर से होकर गुजरता है। यह समुद्री रूट लंबा और भीड़भाड़ वाला है। इसमें समय भी ज्यादा लगता है। टीएमईसी कॉरिडोर की कुल लंबाई 6 हजार किलोमीटर है। इसमें यूरोप से इजराइल और यूएई से भारत के बीच 3500 किलोमीटर लंबा समुद्री मार्ग भी शामिल है।*

### आईएमईसी कॉरिडोर पर भी चर्चा संभव

भारत में साल 2023 में G20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प बताया जा रहा है। आरबीआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी के ऐलान के करीब 1 महीने बाद 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला शुरू कर दिया। इससे आईएमईसी के भविष्य पर सवाल उठाए जाने लगे। 2 साल बाद गाजा जंग के रुकते ही एक बार फिर ये कॉरिडोर चर्चा में आ गया है।

## दोनों पक्षों ने की चौथे दौर की बातचीत खत्म

# भारत और न्यूजीलैंड में एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी होने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कहा- हम बहुत करीब

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवतः थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

### भारत और ओमान समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। इस समझ उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17-18 दिसंबर को ओमान के दौरे पर हैं। इस समझौते को पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ्रभारत और ओमान जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

## यूनिसेफ की चौंकाने वाली रिपोर्ट

# कांगो में नहीं थम रहा संघर्ष, 5 लाख से ज्यादा लोग किए गए विस्थापित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांगो के पूर्वी हिस्से में पिछले 15 दिन से भीषण संघर्ष जारी है, जिसकी वजह से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है, इस संघर्ष का असर आम जनजीवन पर भी काफी ज्यादा पड़ रहा है। इसकी वजह से दक्षिण किवु प्रांत में पांच लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग एक लाख बच्चे शामिल हैं, यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) ने ये जानकारी दी है।

इतना ही नहीं यूनिसेफ न लाखों बच्चों के विस्थापन पर चिंता भी जताई है। यूनिसेफ ने लाखों लोगों के विस्थापन पर अपनी चिंता जताई। एक बयान में कहा गया कि वह दक्षिण किवु में बढ़ती शत्रुता से बहुत चिंतित है, जिसके कारण लाखों बच्चों और परिवारों को सुरक्षा के लिए डीआरसी (पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो) के अंदर और पड़ोसी बुरुंडी और रवांडा में सीमाओं के पार भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यूनिसेफ ने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से बच्चों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आग्रह किया।

## नाइटक्लब में आग से 25 लोगों की हुई थी मौत

# थाईलैंड की अदालत में लूथरा बंधुओं के मामले पर सुनवाई की संभावना

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक



सौरव और गौरव लूथरा

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोलका ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है। दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं। कानूनी घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि इस मामले की सुनवाई बैंकॉक की एक अदालत में होने की संभावना है।

## नौसेना के उप प्रमुख से मुलाकात



मालदीव के माले में मालदीव के रक्षा बल प्रमुख मेजर जनरल इब्राहिम हिलमी के साथ बैठक के दौरान भारतीय नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती (दाएं) दिखाई दे रहे हैं।

## मामला अनिल अंबानी से जुड़ा है

# ईडी ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राणा कपूर- अनिल अंबानी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लान्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, कपूर का बयान मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

उस समय के ऋणों के अवैध वितरण से जुड़े 68 वर्षीय राणा कपूर को ईडी द्वारा अलग-अलग मनी लान्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जब वह यस बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस मामले में कपूर और अंबानी के बीच क्विड प्रो क्वो (किसी चीज के बदले में कुछ और देने) का संदेह है।

अधिकारियों के अनुसार, यस बैंक का अनिल अंबानी समूह (एडीएजी समूह) के प्रति 31 मार्च, 2017 तक लगभग 6,000 करोड़ रुपए का एक्सपोजर था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) 13,000 करोड़ रुपए तक दोगुना हो गया। जांच के दायरे में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) की कंपनियां शामिल हैं। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन निवेशों का बड़ा हिस्सा घाटे के निवेशों (एनपीआइ) में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक को इन लेनदेन से 3,300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ये लेनदेन यस बैंक के निवेशों के बदले क्विड प्रो क्वो थे। एडीएजी कंपनियों ने कपूर के परिवार द्वारा नियंत्रित फर्मों को ऋण प्रदान किए। ईडी को संदेह है कि दोनों व्यवसायियों ने इन सौदों के संबंध में निजी बैठकें की थीं।

## पहलगाम आतंकी हमलाः लश्कर आतंकी साजिद जट्ट पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है।

सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया | तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल

### चार्जशीट में इन आतंकियों के नाम




फाइल फोटो

सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### 8 महीने की जांच में सामने आए कई अहम सबूत

एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### नए चेहरे के ज़रिये भाजपा का सख़्त संदेश: संगठन में कोई भी अपरिहार्य नहीं

नए मुखिया के चयन से भाजपा ने एक गहरा और दूरगामी राजनीतिक संदेश दिया है। आमतौर पर भारतीय राजनीति में बड़े फैसले यथास्थिति को थोड़ा-बहुत छेड़ते हैं, लेकिन मूल ढांचा जस का तस बना रहता है। इसके उलट हाल के वर्षों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने एक अलग ही परिपाटी अपनाई है। संवैधानिक पदों से लेकर मुख्यमंत्रियों और पार्टी के संगठनात्मक नेतृत्व तक, ऐसे चेहरों को आगे लाया जा रहा है जो या तो बिल्कुल नए हैं या फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षाकृत कम पहचाने जाते रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि सत्ता और संगठन को देखने के नजरिये का भी संकेत देता है। बिहार के विधायक नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया जाना इसी सिलसिले की एक अहम कड़ी है। इस घोषणा ने न सिर्फ राजनीतिक विश्लेषकों को, बल्कि पार्टी के भीतर लंबे समय से सक्रिय और प्रभावशाली नेताओं को भी चौंका दिया। दशकों से भाजपा को कवर कर रहे वरिष्ठ पत्रकारों के लिए भी यह फैसला अप्रत्याशित रहा। दरअसल, पार्टी के भीतर लंबे समय से यह चर्चा चल रही थी कि संगठन की कमान किसी ऐसे नेता को सौंपी जाएगी जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान हो और जो विभिन्न गुटों को साधने में सक्षम माना जाता हो। ऐसे में नितिन नवीन का नाम सामने आना कई सवालों को जन्म देता है। इस फैसले का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि भाजपा में कोई भी व्यक्ति खुद को अपरिहार्य न माने। नेतृत्व यह स्पष्ट करना चाहता है कि संगठन व्यक्ति से बड़ा है और अंतिम फैसला शीर्ष नेतृत्व की रणनीतिक समझ के आधार पर होता है, न कि परंपरा या वरिष्ठता के दबाव में। नितिन नवीन की उम्र महज 45 वर्ष है। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं, कर्मठ माने जाते हैं, मृदुभाषी हैं और अब तक किसी बड़े विवाद में नहीं रहे। संगठन के भीतर उनकी छवि एक मेहनती और अनुशासित कार्यकर्ता की रही है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें कोई बड़ा चेहरा नहीं माना जाता था। यहीं से संघ की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं। क्या इस फैसले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति ली गई? संघ को नजदीक से जानने वाले लोग मानते हैं कि संगठन में नेतृत्व के लिए केवल अनुभव और मेहनत ही नहीं, बल्कि सर्वस्वीकार्यता भी एक बड़ा पैमाना होती है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि संघ की आपत्ति के बिना यह फैसला संभव नहीं था, भले ही अंतिम मुहर भाजपा नेतृत्व ने लगाई हो। नितिन नवीन की सवर्ण उपजाति कायस्थ से होना, संख्या के लिहाज से सीमित सामाजिक आधार का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन शायद नेतृत्व ने इसे कमजोरी नहीं, बल्कि संतुलन के रूप में देखा है। यह भी गौर करने लायक है कि जिस पद पर कभी श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज आसीन रहे हों, वहां एक अपेक्षाकृत कम चर्चित नेता की नियुक्ति अपने आप में एक प्रतीकात्मक कदम है। यह भाजपा के भीतर चल रहे उस प्रयोग को दिखाता है जिसमें संगठन को नए सिरे से गढ़ने और भविष्य की राजनीति के लिए तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

# ट्रम्प युग में अमेरिका–चीन टकराव, व्यापार युद्ध और बदलती वैश्विक व्यवस्था में चीन की रणनीतिक दूरदृष्टि

## -टैरिफ युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और निर्भरता के नए समीकरणों ने विश्व राजनीति की दिशा बदली

दुनिया की दो सबसे बड़ी महाशक्तियों—अमेरिका और चीन—के रिश्ते अब उस दौर से बहुत आगे निकल चुके हैं, जब आपसी भरोसे, साझेदारी और वैश्वीकरण की भाषा हावी हुआ करती थी। आज यह रिश्ता न तो पूरी तरह टकराव का है और न ही पुराने किस्म के सहयोग का। यह एक ऐसे नए चरण में दाखिल हो चुका है, जहाँ प्रतिस्पर्धा, रणनीतिक सहभागिता और सबसे बढ़कर लेन–देन पर आधारित व्यवहार इसकी पहचान बन गया है। खासकर डोनाल्ड ट्रम्प के दौर में जो उतार–चढ़ाव आए, उनसे निपटने में चीन ने जिस तरह की दूरदृष्टि और सब्र का परिचय दिया, उसने वैश्विक राजनीति के समीकरणों को नए सिरे से परिभाषित किया है।

**अमेरिका–चीन संबंधों का बदला हुआ चेहरा**

शीत युद्ध के बाद लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि आर्थिक एकीकरण (इकॉनमिक इंटीग्रेशन) के जरिए चीन धीरे–धीरे पश्चिमी उदार व्यवस्था का हिस्सा बन जाएगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों ने चीन को वैश्विक व्यापार व्यवस्था में शामिल किया, विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सदस्य बनाया और उम्मीद की कि आर्थिक खुलापन अंततः राजनीतिक उदारीकरण की ओर ले जाएगा। लेकिन समय के साथ यह धारणा कमजोर पड़ती चली गई। चीन ने वैश्विक व्यापार से जबरदस्त फायदा उठाया, अपनी औद्योगिक क्षमता बढ़ाई, तकनीक में निवेश किया और धीरे–धीरे खुद को एक औद्योगिक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर लिया। इसके उलट, अमेरिका में यह भावना मजबूत होती गई कि चीन ने खुले बाजार का फायदा तो उठाया, लेकिन नियमों के मुताबिक खेलने से परहेज किया। यहीं से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव की जड़ें गहरी होने लगीं।

**ट्रम्प युग: टकराव की खुली शुरुआत**



डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ ही अमेरिका–चीन संबंधों में छिपा हुआ तनाव खुलकर सामने आ गया। ट्रम्प ने चीन पर अनुचित व्यापार प्रथाओं, बौद्धिक संपदा की चोरी, और व्यापार घाटे का आरोप लगाते हुए आक्रामक नीति अपनाई। उन्होंने "अमेरिका फर्स्ट" के नारे के तहत चीन पर भारी टैरिफ लगाए और वैश्विक सप्लाई चेन को झकझोर कर रख दिया। एक समय ऐसा भी आया जब अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ 140 प्रतिशत तक पहुँच गए। यह सिर्फ आर्थिक दबाव नहीं था, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी था—कि अमेरिका अब चीन को चुनौती देने से पीछे नहीं हटेगा। ट्रम्प का अंदाज़ सीधा, टकरावपूर्ण और अक्सर अप्रत्याशित था। बहुतों को उम्मीद थी कि चीन या तो झुक जाएगा या फिर कोई बड़ा समझौता कर लेगा। लेकिन बीजिंग ने एक अलग रास्ता चुना।

**चीन की रणनीति: सब्र, तैयारी और दृढ़ता**

चीन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उसने ट्रम्प के तात्कालिक दबाव में आकर कोई जल्दबाज़ी नहीं की। दरअसल, बीजिंग ट्रम्प के पहले कार्यकाल से ही इस टकराव की तैयारी कर रहा था। चीन जानता था कि अमेरिका के साथ रिश्ते अब पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकते। तुष्टीकरण (एपीज़मेंट) की नीति अपनाने के बजाय चीन ने शांत लेकिन दृढ़ रुख अपनाया। उसने न तो खुलेआम उकसावे की भाषा का इस्तेमाल किया और न ही खुद को कमजोर स्थिति में दिखाया। इसके बजाय, चीन ने अपने रणनीतिक हथियारों को सोच–समझकर इस्तेमाल किया।

**टैरिफ युद्ध और चीन का 'ब्रह्मास्त्र'**

पूरे साल दोनों देश टैरिफ को लेकर लंबी खींचतान में उलझे रहे। अमेरिका ने न सिर्फ टैरिफ बढ़ाए, बल्कि सितंबर में उन चीनी कंपनियों की सूची का भी विस्तार कर दिया, जिन्हें अमेरिका से निर्यात के लिए विशेष लाइसेंस लेना अनिवार्य था। इसका मकसद चीन की तकनीकी प्रगति को धीमा करना था। इसके जवाब में चीन ने अपना सबसे प्रभावी हथियार इस्तेमाल किया—रेयर अर्थ्स (दुर्लभ खनिज तत्व)। ये ऐसे खनिज हैं जो आधुनिक तकनीक की रीढ़ माने जाते हैं—चाहे वह इलेक्ट्रिक वाहन हों, मोबाइल फोन, मिसाइल सिस्टम, या फिर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स। चीन वैश्विक स्तर पर रेयर अर्थ्स का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। जब चीन ने रेयर अर्थ्स से बने उत्पादों के वैश्विक इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया, तो इसका असर पूरी दुनिया में महसूस किया गया। कारों के पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और कई हाई-टेक इंडस्ट्री अचानक दबाव में आ गईं। यह साफ संकेत था कि चीन सिर्फ 'फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड' नहीं है, बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन का एक अहम नियंत्रक भी है।

**बुसान व्यापार समझौता: एक कदम पीछे**

30 अक्टूबर को हुए बुसान व्यापार समझौते के जरिए दोनों पक्षों ने एक कदम पीछे हटने का फैसला किया। यह न तो किसी की पूर्ण जीत थी और न ही हार। बल्कि यह स्वीकारोक्ति थी कि खुला टकराव दोनों के लिए नुकसानदेह है। इस समझौते के जरिए चीन ने यह दिखाया कि वह बातचीत और सौदेबाज़ी के लिए तैयार है, लेकिन दबाव में झुकने वाला नहीं है। वहीं अमेरिका को भी यह अहसास हुआ कि चीन को पूरी तरह अलग-थलग करना आसान नहीं है।

**निर्भरता का खेल: कौन किस पर ज्यादा निर्भर?**

अमेरिका और चीन के बीच बुनियादी फर्क उनकी आपसी निर्भरता को लेकर है। चीन आज भी उन्नत सेमीकंडक्टर्स, एयरोस्पेस तकनीक, उच्चस्तरीय मशीनरी और कुछ जैव-चिकित्सकीय उत्पादों के लिए पश्चिम पर निर्भर है। यह उसकी एक बड़ी कमजोरी मानी जाती है। लेकिन दूसरी ओर, पश्चिम भी चीन पर कई अहम उत्पादों के लिए निर्भर बना हुआ है—जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान और उसके घटक, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरियां, दवाओं के कच्चे रसायन, और सबसे महत्वपूर्ण, रेयर अर्थ्स और मैग्नेट। आंकड़े इस निर्भरता को और स्पष्ट करते हैं। 2022 में अमेरिका 5,000 से कुछ अधिक उत्पाद श्रेणियों में से 532 में चीन से आयात पर भारी रूप से निर्भर था, जो 2000 की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। इसके उलट, इसी अवधि में चीन ने उन उत्पादों की संख्या लगभग आधी कर दी, जिनके लिए वह अमेरिका पर निर्भर था। यह चीन की दीर्घकालिक रणनीति का नतीजा है—आत्मनिर्भरता और विविधीकरण।

**अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा सोच**

इसी महीने जारी हुई अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति इस बदले हुए नजरिए को साफ तौर पर दर्शाती है। इसमें चीन को सिर्फ एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक आर्थिक प्रतिस्पर्धी और लगभग समकक्ष शक्ति के रूप में देखा गया है। दस्तावेज़ में यह भी कहा गया है कि चीन को अमेरिका और उसके सहयोगियों के तकनीकी व आर्थिक इको-सिस्टम से बाहर रखने की रणनीति जरूरी है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है। अमेरिका अब चीन को "सुधारने" या "एकीकृत करने" की बात नहीं कर रहा, बल्कि उसे नियंत्रित करने और सीमित करने की सोच अपना रहा है।

**चीन की कमजोरियां: तस्वीर का दूसरा पहलू**

हालांकि चीन की मजबूती के चर्चे होते हैं, लेकिन उसकी अपनी गंभीर चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती है जनसांख्यिकीय संकट। आबादी का तेजी से बूढ़ा होना, घटती जन्मदर और श्रमबल में संभावित कमी आने वाले वर्षों में चीन की आर्थिक रफ्तार को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा, चीन की राजकोषीय स्थिति भी पूरी तरह संतुलित नहीं है। स्थानीय सरकारों पर बढ़ता कर्ज, रियल एस्टेट सेक्टर की समस्याएं और उपभोक्ता मांग में सुस्ती जैसी चुनौतियां उसके सामने हैं। इन सबका असर आर्थिक विकास पर पड़ रहा है।

**अंदर की ओर झुका चीन**

इन परिस्थितियों में चीनी नेतृत्व का फोकस धीरे–धीरे अंदर की ओर बढ़ता दिख रहा है। वैश्विक साम्राज्यवादी वर्चस्व की बजाय चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्चता और आंतरिक स्थिरता अब उसकी प्राथमिकता बनती जा रही है। शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन एक सख्त राजनीतिक नियंत्रण और सीमित उदारीकरण की राह पर है। यह पश्चिमी मॉडल से अलग है, लेकिन चीन के अपने अनुभव और इतिहास से उपजा हुआ है।

# बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर वैश्विक बहस तेज, ऑस्ट्रेलिया की पहल के बाद सोशल मीडिया नियमों पर दुनिया भर में मंथन

## -चीन की सख़्ती से लेकर यूरोप और अमेरिका तक, बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर नए कानूनों की तैयारी

डिजिटल दौर में सोशल मीडिया बच्चों और किशोरों की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। पढ़ाई, मनोरंजन, दोस्ती और जानकारी—हर चीज़ अब मोबाइल स्क्रीन तक सिमटती जा रही है। लेकिन इसी के साथ बच्चों की मानसिक सेहत, निजता (प्राइवेसी) और ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर दुनिया भर में चिंता भी तेज़ होती जा रही है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का कानून इसी चिंता का ताज़ा उदाहरण है। भले ही कुछ लोग इसे बहुत प्रभावी न मानें और टेक कंपनियाँ इसका विरोध कर रही हों, लेकिन यह साफ़ है कि कई देश अब ऑस्ट्रेलिया के रास्ते पर चलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। यह सवाल आज पूरी दुनिया के सामने है कि बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर रखा जाए या फिर सख़्त नियमों और निगरानी के ज़रिये सुरक्षित इस्तेमाल की इजाज़त दी जाए। अलग-अलग देशों ने अपनी सामाजिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक मूल्यों और तकनीकी ढांचे के अनुसार अलग रास्ते अपनाए हैं। आइए जानते हैं कि दुनिया के प्रमुख देशों में बच्चों और सोशल मीडिया को लेकर क्या स्थिति है और आगे किस दिशा में बदलाव संभव हैं।

**ऑस्ट्रेलिया: 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सख़्त रुख**

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने का कानून बनाया है। सरकार का तर्क है कि कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया पर साइबर बुलिंग, मानसिक तनाव, अश्लील कंटेंट और गलत सूचनाओं का आसानी से शिकार हो जाते हैं। इससे उनकी पढ़ाई, नींद और मानसिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है। हालांकि, टेक कंपनियों का कहना है कि उम्र की सही पहचान करना तकनीकी रूप से आसान नहीं है। इसके अलावा, वे यह भी तर्क देते हैं कि सोशल मीडिया पूरी तरह से बुरा नहीं है; सही मार्गदर्शन के साथ यह सीखने और रचनात्मकता का माध्यम भी बन सकता है। इसके बावजूद, ऑस्ट्रेलिया का यह कदम दुनिया भर में बहस का विषय बन गया है और कई देश इसे एक मॉडल के तौर पर देख रहे हैं।



**यूरोपियन यूनियन: साझा चिंता, अलग-अलग पहल**

यूरोपियन यूनियन (EU) में बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा लंबे समय से एक अहम मुद्दा रही है। सितंबर में यूरोपीय कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सदस्य देशों से आग्रह किया कि वे बच्चों के लिए सोशल मीडिया से जुड़े नए और सख़्त कानूनों पर गंभीरता से ध्यान दें। फ्रांस, स्पेन और रोमानिया जैसे देशों के सांसदों ने खुले तौर पर बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन या कड़े प्रतिबंध की मांग की है। फ्रांस में पहले से ही डिजिटल सुरक्षा और डेटा प्रोटेक्शन को लेकर कड़े नियम मौजूद हैं। वहां यह बहस चल रही है कि क्या एक निश्चित उम्र से कम बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट बनाने से रोका जाना चाहिए। EU का झुकाव आम तौर पर "रेगुलेशन और जिम्मेदारी" की ओर रहता है। यानी पूरी तरह बैन लगाने के बजाय प्लेटफॉर्म्स पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल बनाएं, हानिकारक कंटेंट को फ़िल्टर करें और उम्र की पुष्टि के सख़्त तरीके अपनाएं।

**ब्रिटेन: बैन नहीं, उम्र साबित करना ज़रूरी**

ब्रिटेन ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सीधे बैन लगाने का रास्ता नहीं चुना है। वहां सरकार का फोकस हानिकारक कंटेंट तक पहुंच को सीमित करने पर है। ब्रिटेन में ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं जिनके तहत अगर कोई यूज़र संवेदनशील या वयस्क कंटेंट देखना चाहता है, तो उसे यह साबित करना होगा कि उसकी उम्र 18 साल से अधिक है। इस मॉडल का मकसद यह है कि बच्चों को पूरी तरह इंटरनेट से काटने के बजाय, उन्हें सुरक्षित दायरे में रखा जाए। ब्रिटेन की सरकार मानती है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया आज की हकीकत हैं, और बच्चों को डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करना भी ज़रूरी है। लेकिन यह तैयारी सुरक्षा और निगरानी के साथ होनी चाहिए।

**चीन: दुनिया के सबसे कठोर नियम**

अगर सख़्ती की बात की जाए, तो चीन दुनिया में सबसे आगे है। चीन में इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पहले से ही सरकार का कड़ा नियंत्रण है। बच्चों और किशोरों के लिए नियम और भी सख़्त हैं। चीन की सरकार ने बच्चों के ऑनलाइन समय को सीमित कर दिया है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग के मामले में स्पष्ट नियम बनाए गए हैं। उदाहरण के तौर पर, बच्चों को सप्ताह में सिर्फ़ तीन दिन—शुक्रवार, शनिवार और रविवार—को ही वीडियो गेम खेलने की अनुमति है, वह भी रात 8 बजे से 9 बजे तक सिर्फ़ एक घंटे के लिए। चीन का मानना है कि ज्यादा ऑनलाइन समय बच्चों को आलसी बनाता है, पढ़ाई से ध्यान हटाता है और मानसिक समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए सरकार ने तकनीक का इस्तेमाल करके कंपनियों को मजबूर किया है कि वे बच्चों की पहचान करें और नियमों का पालन कराएं। कई लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला मानते हैं, लेकिन चीन की सरकार इसे सामाजिक अनुशासन और भविष्य की पीढ़ी की भलाई से जोड़कर देखती है।

**अमेरिका: प्राइवेसी पर फोकस**

अमेरिका का तरीका थोड़ा अलग है। वहां बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह बैन नहीं है, लेकिन निजता और डेटा सुरक्षा को लेकर कड़े कानून हैं।

# ह्यूमनॉइड रोबोट्स पर रॉडनी ब्रुक्स की चेतावनी निवेश सुरक्षा और भविष्य को लेकर गंभीर सवाल उठाती है टेक्नोलॉजी दुनिया में

## -मॉडर्न रोबोटिक्स के गॉडफादर का दावा ह्यूमनॉइड रोबोट्स पर खर्च व्यर्थ जाएगा अगले पंद्रह वर्षों

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की दुनिया में इन दिनों ह्मनॉइड रोबोट्स सबसे ज़्यादा चर्चा में हैं। इंसान जैसे दिखने वाले, चलने-फिरने वाले और बात-चीत करने वाले रोबोट्स को लेकर टेक कंपनियां बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। कहीं उन्हें फैक्ट्रियों का भविष्य बताया जा रहा है, तो कहीं घरों में मददगार बनने का सपना दिखाया जा रहा है। लेकिन इसी चमक-दमक के बीच मॉडर्न रोबोटिक्स के "गॉडफादर" कहे जाने वाले रॉडनी ब्रुक्स ने एक ऐसी चेतावनी दी है, जिसने पूरी टेक इंडस्ट्री को सोचने पर मजबूर कर दिया है। ब्रुक्स का कहना है कि ह्मनॉइड रोबोट्स पर खर्च हो रहा ढेर सारा पैसा अगले 15 सालों में बेकार हो सकता है। उनका दावा है कि मौजूदा हालात में ये रोबोट्स न तो इतने सुरक्षित हैं और न ही इतने सक्षम कि इंसानों के आसपास सामान्य तौर पर काम कर सकें। उनका मानना है कि आज जिस तरह ह्मनॉइड रोबोट्स को भविष्य के रूप में पेश किया जा रहा है, वही चीज़ आगे चलकर निराशा में बदल सकती है।

**रॉडनी ब्रुक्स कौन हैं और उनकी बात क्यों अहम है?**

रॉडनी ब्रुक्स कोई साधारण आलोचक नहीं हैं। वे मॉडर्न रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के जन्मदाताओं में गिने जाते हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहते हुए उन्होंने पहला एआई स्टार्टअप शुरू किया। उन्होंने ऐसे रोबोट्स बनाए जो खुद चलना सीख सकते थे, अपने आसपास की दुनिया को समझ सकते थे और उससे सीख भी सकते थे। 1993 में ब्रुक्स और उनके ग्रेजुएट छात्रों ने ह्मनॉइड रोबोट 'कॉग' पर काम शुरू किया। यह रोबोट आसपास के माहौल से सीखने के लिए डिज़ाइन किया गया था। यानी ब्रुक्स ने जिस तकनीक पर काम किया, वही आज की ह्मनॉइड बहस की बुनियाद है। ऐसे में जब वही शख़्स आज ह्मनॉइड रोबोट्स को लेकर सवाल उठा रहा है, तो उसकी बात को नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है।



**ब्रुक्स की चेतावनी: "ह्मनॉइड जल्दी नहीं आ रहे"**

अपने एक ब्लॉग पोस्ट में ब्रुक्स ने साफ लिखा कि ह्मनॉइड रोबोट्स जल्दी नहीं आने वाले। उनका कहना है कि मौजूदा ह्मनॉइड रोबोट्स का प्रदर्शन बेहतर बनाने के लिए जिस तरह अरबों डॉलर झोंके जा रहे हैं, वह निवेश आने वाले 15 वर्षों में "गायब" हो जाएगा। यानी न तो उसका वैसा नतीजा निकलेगा, जैसा वादा किया जा रहा है और न ही समाज में ह्मनॉइड रोबोट्स की वैसी जगह बन पाएगी। ब्रुक्स के मुताबिक, समस्या सिर्फ तकनीकी नहीं है, बल्कि सुरक्षा (सेफ्टी) की भी है। आज के ह्मनॉइड रोबोट्स इतने सुरक्षित नहीं हैं कि वे बिना जोखिम के इंसानों के बीच रह सकें। उनका वजन, उनकी ताक़त और उनकी अनिश्चित हरकतें किसी भी आम इंसान के लिए ख़तरनाक साबित हो सकती हैं।

**इतिहास से सबक: बड़ी भविष्यवाणियां और अधूरी हकीकत**

ब्रुक्स अपनी बात को मज़बूत करने के लिए टेक्नोलॉजी के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं का ज़िक्र करते हैं। वे याद दिलाते हैं कि: 1987 में जर्मन टेक विशेषज्ञ अर्नस्ट डिकमान्स ने जर्मनी में सेल्फ-ड्राइविंग कार चलाई थी। 1997 में आईबीएम के सुपरकंप्यूटर डीपब्लू ने शतरंज के विश्व चैम्पियन गैरी कास्पारोव को हरा दिया था। 2016 में एआई रिसर्चर ज्योफ हिंटन ने दावा किया था कि मशीन लर्निंग की वजह से रेडियोलॉजी पांच साल में बेकार हो जाएगी। ये तीनों घटनाएं अपने-अपने समय में क्रांतिकारी थीं। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी ड्राइवर मौजूद हैं, शतरंज खिलाड़ी मौजूद हैं और रेडियोलॉजिस्ट भी काम कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी ने ज़रूर मदद की, लेकिन इंसानों को पूरी तरह से बेकार नहीं किया। ब्रुक्स इसी उदाहरण से समझाते हैं कि ह्मनॉइड रोबोट्स को लेकर जो उम्मीदें पाली जा रही हैं, वे भी शायद हद से ज़्यादा हैं।

**"अभी उछाल है, आगे निराशा आएगी"**

एक इंटरव्यू में ब्रुक्स ने साफ कहा, "इस वक्त रोबोट्स में बड़े उछाल का दौर है। आगे निराशा का समय आएगा।" उनका मतलब यह है कि आज हर कोई रोबोट्स में निवेश कर रहा है, स्टार्टअप्स खुल रहे हैं, वीडियो वायरल हो रहे हैं और भविष्य को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। लेकिन जब ये रोबोट्स ज़मीनी हकीकत में उन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे, तब निवेशकों और समाज दोनों को निराशा होगी।

**ह्मनॉइड का आकर्षण और बाज़ार की सच्चाई**

ब्रुक्स कहते हैं कि मनुष्य जैसा काम करने वाली चीज़ों का बाज़ार सबसे बड़ा माना जाता है। किसी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में एक-सा काम बार-बार करने वाले रोबोटिक हाथ या अमेज़न के वेयरहाउस में सामान ढोने वाले ऑटोमैटिक प्लेटफॉर्म उतने आकर्षक नहीं लगते। इसके उलट, जब लोग इंसान जैसे दिखने वाले रोबोट को चलते-फिरते देखते हैं, तो उन्हें लगता है कि यह रोबोट इंसान की तरह सब कुछ कर सकता है। यही सोच कंपनियों को ह्मनॉइड डिज़ाइन की तरफ़ खींचती है। लेकिन ब्रुक्स के मुताबिक, यह सोच ज़्यादातर एक भ्रम है। असल में, ज़्यादातर काम ऐसे हैं जिनके लिए इंसान जैसा शरीर ज़रूरी नहीं। कई काम पहियों पर चलने वाले, सीमित कार्य करने वाले रोबोट ज़्यादा बेहतर, सस्ते और सुरक्षित तरीके से कर सकते हैं।

**क्या ब्रुक्स निराशावादी हैं?**

ब्रुक्स खुद को निराशावादी नहीं मानते। उनका कहना है कि वे यथार्थवादी (रियलिस्टिक) हैं। वे यह नहीं कहते कि रोबोट्स का कोई भविष्य नहीं है। बल्कि वे मानते हैं कि आने वाले दशकों में रोबोट्स इंसानों के साथ काम करेंगे। लेकिन उनके मुताबिक, ये रोबोट्स: ज़्यादातर पहियों पर चलेंगे, उनके कई हाथ हो सकते हैं, वे खास-खास कामों में माहिर होंगे, लेकिन वे हर काम करने लायक नहीं होंगे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर

## -प्रदेश में 44 हजार 705 लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक विभिन्न जिलों में आयोजित किए गए कुल 894 मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविरों में 44 हजार 705 यूनिट रक्त संग्रहण की मिसाल कायम करते हुए रक्तदाताओं ने हजारों लोगों के जीवन को बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि कोटा संभाग में सबसे अधिक 16 हजार 161 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। रक्तदान शिविरों में रक्तदाताओं ने आपदा में पड़े किसी भी मरीज के जीवन को बचाने में अपने सामाजिक सरोकारों को निभाया है। साथ ही अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कोटा संभाग में 16 हजार 161, जयपुर संभाग में 10 हजार 461, भरतपुर में 2 हजार 171, बीकानेर में 5 हजार 777, जोधपुर में 3 हजार 660, अजमेर 3 हजार 326 एवं उदयपुर संभाग में 3 हजार 149 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। रक्तदान शिविरों के आयोजन से आपदा या किसी दुर्घटना के समय संकट में पडे व्यक्ति का जीवन बचाने में आवश्यक मदद मिलती है। इसलिए किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को न केवल रक्तदान करना चाहिए बल्कि अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों की प्रदर्शनी में उमड़ा जनसैलाब

## -राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन युवाओं के आकर्षण का केंद्र बना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का एआई पैनल



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य सरकार की चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 'नव उत्थान, नई पहचान – बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान' के दूसरे दिन दर्शकों का उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन ने विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का अवलोकन कर राज्य सरकार की नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी चिलेक्स कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आमजन, विशेषकर युवाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रदेश के सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए तथा आकर्षक पुरस्कार प्राप्त किए।

**युवाओं में दिखा एआई पैनल को लेकर अभूतपूर्व उत्साह-**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा स्थापित एआई आधारित इंटरएक्टिव पैनल प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहा। टच स्क्रीन के माध्यम से युवाओं और प्रदर्शनी में आए आगंतुकों ने राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को 'नव उत्थान, नई पहचान – बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान' के लोगो युक्त कैप, की-चेन, कॉफी मग, फोटो फ्रेम सहित अन्य स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। विभाग की स्टॉल पर आमजन को राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों, सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फोल्डर एवं पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है।

**विभिन्न विभागों की स्टॉल्स ने दर्शकों को किया आकर्षित-**

प्रदर्शनी में कुल 25 विभागों की स्टॉल्स लगाई गई हैं, जिन्होंने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कृषि विभाग की स्टॉल पर रूफटॉप फार्मिंग का मॉडल प्रदर्शित कर दर्शकों को नवाचारों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जैविक खाद के उपयोग, कृषि ड्रोन के प्रदर्शन एवं उससे जुड़ी जानकारी साझा की जा रही है। राजीविका विभाग द्वारा हस्तशिल्प उत्पादों का भव्य प्रदर्शन किया जा रहा है। ऊर्जा विभाग की स्टॉल पर विस्तृत सोलर पैनल मॉडल के माध्यम से सौर ऊर्जा के महत्व की जानकारी दी जा रही है और आमजन को इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा माटी कला उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। पुलिस विभाग की स्टॉल पर राजकॉप सिटिजन ऐप के संबंध में जानकारी प्रदान कर मौके पर ही दर्शकों का ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया जा रहा है। इसके साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का प्रदर्शन कर उसकी संपूर्ण कार्यप्रणाली समझाई जा रही है।

**साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा योग एवं आरोग्य पर विशेष सत्रों का आयोजन**

प्रदर्शनी में हर रोज विभिन्न विषयों पर सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में आज आमजन के हितार्थ साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा योग एवं आरोग्य पर विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग से आए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने आमजन को डिजिटल सतर्कता एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित सत्र में उप परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग डॉ वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने आमजन को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन चालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की। इस सत्र के माध्यम से नागरिकों को जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

# पुलिस मुख्यालय में स्वच्छ कार्यालय अभियान सफल

## -डीजीपी शर्मा ने थामी झाड़ू, अधिकारी भी हुए प्रोत्साहित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को विशेष स्वच्छ कार्यालय अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे चला, जिसका उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना था। इस पहल की सबसे खास बात यह रही कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने स्वयं अधिकारियों के साथ झाड़ू थामकर सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। डीजीपी शर्मा की इस सक्रिय सहभागिता ने पुलिस मुख्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में नया उत्साह भर दिया। डीजीपी को हाथों में झाड़ू थामा देखकर अधिकारी और कर्मचारी भी उनके साथ हो लिए और एक घंटे तक अपने—अपने कार्यालय की सफाई की।

**एडीजी स्तर के अधिकारियों ने किया निरीक्षण —**

डीजीपी ने विशेष स्वच्छता अभियान को सार्थक करने की दृष्टि से न सिर्फ पुलिस मुख्यालय के द्वितीय तल पर स्वयं निरीक्षण किया अपितु एडीजी स्तर के अधिकारियों को मुख्यालय के अन्य तलों पर स्थित कार्यालय कक्षों में निरीक्षण की जिम्मेदारी भी दी। इन अधिकारियों ने अपराह्न 3 बजे बाद निरीक्षण कर न केवल स्वच्छता सुनिश्चित की, बल्कि कार्यालयों के रखरखाव और कार्यक्षमता का भी गहन आकलन किया। ग्राउण्ड और प्रथम तल पर एडीजी आयोजना, आधुनिकीकरण और कल्याण डॉ. प्रशाखा माथुर, तृतीय तल पर डीजी कानून एवं व्यवस्था संजय अग्रवाल, चतुर्थ तल पर डीजी प्रशिक्षण एवं यातायात, अनिल पालीवाल, पाँचवे तल पर एडीजी सतर्कता एस. सेंगाथिर, छठे तल पर एडीजी इंटेलीजेंस प्रफुल्ल कुमार और सांतवे तल एडीजी पुलिस हाउसिंग, भूपेन्द्र साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत डीजीपी ने संबंधित अधिकारियों से निरीक्षण रिपोर्ट लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यालय को वर्ष भर स्वच्छ रखने के निर्देश दिए और स्वच्छता को आदत में परिवर्तित करने की बात कही। मुख्यालय के निर्देश पर यह अभियान केवल पीएचक्यू तक सीमित नहीं रहा बल्कि राज्यभर की सभी पुलिस इकाइयों में अनिवार्य सहभागिता के साथ संचालित किया गया, जिसके माध्यम से समूचे पुलिस बल को स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित कार्य वातावरण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

**कारागार विभाग में भी चला स्वच्छता का विशेष अभियान —**

मंगलवार को कारागार विभाग में भी विशेष स्वच्छता अभियान सम्पन्न हुआ। महानिदेशक कारागार अशोक कुमार राठौड़ के निर्देशानुसार राजस्थान की सभी जेलों में कार्मिकों एवं अधिकारियों द्वारा श्रमदान कर कार्यालयों की साफ-सफाई की गई। जयपुर स्थित कारागार मुख्यालय में यह अभियान उपमहानिरीक्षक मोनिका अग्रवाल, अधीक्षक महेश चंद बैरवा और उपाधीक्षक एवं नोडल अधिकारी रमाकांत शर्मा की देखरेख में चला। इस दौरान सभी कमरे, बाहरी/अंदरूनी अहाते, तथा पत्रावलियों व कार्यालय सामग्री की विस्तृत साफ-सफाई सुनिश्चित की गई।

# अपराधों पर अंकुश के लिए पुलिस थानों का आधुनिकीकरण किया जाए- मुख्य सचिव



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में अपराधों के आंकड़ों में कमी शुभ संकेत है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए और भी प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के रेस्पोंस टाइम को कम करना, त्वरित अनुसंधान और पुलिस थानों का आधुनिकीकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी थानों का डिजिटलाइजेशन करने के साथ-साथ आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थानों में निर्बाध और स्ट्रोंग वाई-फाई की सुविधा के लिए सभी पुलिस थानों में राज नेट की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि थानों में महिला कॉन्सटेबल की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। साथ ही पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि थानों में दर्ज एफआईआर और चार्जशीट पेश करने के बीच निश्चित समय सीमा से ज्यादा समय नहीं लगे। श्रीनिवास ने कहा कि नये कानून के तहत अपराध कहीं भी हो उसकी रिपोर्ट किसी भी पुलिस थाने में 'ज़ीरो FIR' के रूप में दर्ज कराई जा सकती है। प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए राजकॉप एसओएस अलर्ट उपलब्ध है। महिलाओं के लिए तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में राजकॉप नागरिक मोबाइल एप्लिकेशन पर 'नीड हैल्प'सुविधा है। उन्होंने कहा कि आम जन को इन नए प्रावधानों और नवाचारों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि उन्हें इसका पूरा लाभ मिले। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक इंटेलिजेंस प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि पुलिस द्वारा ई साक्ष्य एप का प्रयोग किया जा रहा है। इससे पुलिस को घटनास्थल के वीडियो, फोटो और गवाहों के बयान डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने और सुरक्षित रखने की सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि संबंधित केस की सारी जानकारी भी इस एप पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि नवीन अपराधिक विधियों के अर्न्तगत दर्ज प्रकरणों में 60 दिवस में निस्तारित किए प्रकरणों की संख्या में इजाफा हुआ है।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर जिला कलक्टर की अगुवाई में स्वच्छता अभियान

## -अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जयपुर जिले में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर साफ-सफाई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों सहित अन्य सभी राजकीय भवनों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भी विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह, उमंग और सामूहिक सहभागिता के साथ परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर, बरामदे, रिकॉर्ड कक्ष, पार्किंग क्षेत्र सहित आसपास के स्थानों की गहन सफाई की गई तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। जिला कलेक्ट्रेट के साथ-साथ जिले के समस्त उपखंडों में भी उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों तथा अन्य राजकीय भवनों में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसरों में लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी सामग्री, कबाड़ एवं अनावश्यक वस्तुओं का चिन्हांकन कर उनका विधिवत निस्तारण किया गया, जिससे कार्यालयों में सुव्यवस्था एवं कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। स्वच्छता अभियान के दौरान आमजन को भी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ परिवेश, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में संदेश दिए गए तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुसंस्कृत राजस्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण जेडीए में 'कार्यालय स्वच्छता अभियान' उत्साहपूर्वक संपन्न



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर विकास प्राधिकरण में मंगलवार को 'कार्यालय स्वच्छता अभियान' का सफल आयोजन किया गया। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग और जेडीए प्रशासन के निर्देशों की अनुपालना में प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक एक घंटे का विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जेडीए के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने कक्षों, शाखाओं और कार्यालय परिसर की गहन साफ-सफाई की।

जेडीए सचिव निशांत जैन एवं अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) डॉ. प्रिया बलराम शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में उपायुक्तों, अभियंताओं और अन्य कार्मिकों ने फाइलों को व्यवस्थित किया और कार्यस्थल को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल रहा और सभी ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# नेट जीरो कूलिंग स्टेशन के रूप में अत्यधिक गर्मी के दिनों में आमजन को मिल सकेगी राहत

## -वीटी रोड़ मध्यम मार्ग पर स्थापित किया गया नेट जीरो कूलिंग स्टेशन



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर ने एक बार फिर नवाचार करते हुए नेट जीरो कूलिंग स्टेशन का शुभारंभ किया है। नगर निगम जयपुर ने एवं एनजीओ के संयुक्त प्रयास से जयपुर के वीटी रोड़ मध्यम मार्ग पर यह पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित किया है। मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल ने इस नेट जीरो कूलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जोन उपायुक्त लक्ष्मीकान्त कटारा, एसई एवं एक्सईन, सीएसआई, एसआई मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त गौरव सैनी ने बताया कि आगामी गर्मियों को देखते हुए तथा बढ़ते तापमान के बीच यह कूलिंग स्टेशन शहरी गरीब एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले समुदायों जैसे स्ट्रीट वेन्डर्स, ड्राइवर्स, गीग वर्कर्स, महिलाओं वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन को गर्मी से राहत एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह स्टेशन अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिये सुरक्षित और सुलभ आश्रय प्रदान करता है। वर्तमान में सर्दी से बचाव हेतु आश्रय स्थल के रूप में भी इसे काम में लिया जा सकता है।

**कूलिंग स्टेशन की मुख्य विशेषताएं:-**

1. मिस्ट फैन और खस के पर्दे- उच्च तापमान का प्रभाव कम करते है और तुरंत ठंडक प्रदान करते है।
2. सोलर पैनल सिस्टम- रोशनी, पंखे और स्प्रिंकलर को ऊर्जा प्रदान करते हुए स्टेशन को पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ बनाता है।
3. विंड टावर डिजाइन- गर्म हवा को ऊपर की ओर बाहर निकालकर हवा के प्रवाह में सुधार करता है।
4. पीने का पानी, ओआरएस और प्राथमिक चिकित्सा किट- हीटवेव के दौरान बेहतर आराम और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये उपलब्ध।
5. मजबूत पफ पैनल संरचना- स्टेशन को स्थायित्व और मजबूती प्रदान करती है।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रति दिख रहा उत्साह



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के कार्यकाल के शानदार दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जयपुर स्थित जवाहर कला केन्द्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से 15 दिसम्बर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास विभाग की स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी लेने के लिए विजिटर्स की ओर से अच्छा उत्साह दिखाया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं और महिला अधिकारिता) की स्टॉल पर आम जन को विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

जिसमें 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत अब तक 4 लाख 60 हजार बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन आने वाले 3 से 6 वर्ष के लगभग 16 लाख बच्चों को स्किम्ड मिल्क पाउडर निर्मित ताजा गरम दूध सप्ताह में पांच दिन दिया जाने की जानकारी दी जा रही है। "प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में जिसमें देय राशि बढ़ाकर 5 हजार से 6 हजार 500 रुपये की गई है। अब तक 9 लाख 92 हजार गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं दूसरी बार बच्चे के जन्म पर मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के तहत 5 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 170 करोड़ रुपये का लाभ दिए जाने की जानकारी भी प्रदान की गई।

प्रदर्शनी में आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रदान की जा रही पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा,स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा के अतिरिक्त अन्य जानकारियां भी प्रदान की गई।

# विधानसभा अध्यक्ष ने बृजमोहन द्विवेदी की तीन पुस्तकों का किया विमोचन



जयपुर । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधानसभा में प्रख्यात विद्वान बृजमोहन द्विवेदी द्वारा लिखित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। देवनानी ने द्विवेदी को उन के द्वारा लिखित "मेरे इर्द-गिर्द", "मरुधरा वाणी" तथा "लालसोट का इतिहास" के के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि द्विवेदी का साहित्य समाज, संस्कृति और इतिहास के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उनकी कृतियाँ न केवल समकालीन चिंतन को दिशा देती हैं, बल्कि भावी पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य भी करती हैं। लालसोट का इतिहास क्षेत्रीय इतिहास के दस्तावेजीकरण की दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। पुस्तक विमोचन में प्रो. विनोद शास्त्री, मुरारी लाल गुप्ता, अरुण द्विवेदी, श्रीमती मोना द्विवेदी, बृजमोहन द्विवेदी, शिव कुमार द्विवेदी, श्रीमती अर्चना शर्मा, पुनीत शर्मा, अंशुल शर्मा, हर्षित शर्मा एवं भरत लाल मीणा उपस्थित रहे।

# नगर निगम जयपुर में चला स्वच्छता श्रमदान



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम जयपुर ने स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देते हुए निगम मुख्यालय सहित शहर के सभी जोन कार्यालयों में वृहद सफाई अभियान चलाया। मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ यह अभियान एक घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान निगम प्रशासक पूनम एवं निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। नगर निगम जयपुर प्रशासक श्रीमती पूनम ने इस अवसर सभी जयपुरवासियों से अपील भी की कि वे खुले में कचरा ना फेंके और शहर को स्वच्छ रखने के लिए एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं।

शहर की सड़कों, विरासत स्थलों सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखें और कचरे को निर्धारित कचरा पात्र में ही डालें।

आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ और विकसित शहर की पहचान है तथा इसमें जनभागीदारी सबसे अहम कड़ी है। स्वच्छता अभियान में निगम मुख्यालय परिसर की व्यापक सफाई के साथ कचरे का पृथक्करण एवं समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही शहर के सभी जोन कार्यालयों में भी एक साथ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ जयपुर के संकल्प को मजबूती दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र बंसल, प्रवीण कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा, अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य ओमप्रकाश थानवी सहित निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने स्वच्छता श्रमदान किया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# कार्यालय स्वच्छता अभियान में प्राचार्य सहित स्टाफ व विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

बारां (रॉयल पत्रिका) । मंगलवार 16 दिसंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बारां में स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय व कॉलेज कैंपस की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। राज्य सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित स्वच्छता अभियान में प्राचार्य के साथ-साथ संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों ने भी बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर रामकेश मीणा के नेतृत्व में संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों ने सुबह दस बजे से ग्यारह बजे के बीच कार्यालय व कैंपस की सफाई की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता व सफाई मन व शरीर को सकारात्मक ऊर्जा देने के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान कॉलेज कैंपस, विभिन्न विभागों के कार्यालयों, कॉलेज पार्क आदि स्थानों की सफाई की गई। स्टाफ व विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सफाई अभियान मे डॉ.रामकेश मीणा,



प्रो दीपक कुमार, प्रोफेसर भावना मीणा, प्रोफेसर विवेक कुमार नागर, प्रोफेसर रामकुमार, प्रोफेसर संकेत कुमार, डॉ. शमशाद अली, प्रो. चंदनमल, प्रो. सांवराराम, प्रो. शुभांगी जैन, प्रो. नवीन, प्रो. संदीप, डॉ. राकेश वर्मा, प्रो. सहल जैन, प्रो. वी पी सिंह, सीताराम, डॉ. रमन गुप्ता, प्रो. सुदेश, रवींद्र कुमार बादल, केदार प्रसाद सहित कई संकाय सदस्य कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने विजय दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित वीरगति स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वीर सैनिकों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सैन्य इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय है, जो हमारे सैनिकों के अपूर्व साहस और अनुकरणीय वीरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सैनिक हर परिस्थिति में तत्पर



रहते हैं। हमारे वीर सैनिकों का त्याग और समर्पण ही देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की मजबूत नींव है। सैनिक कल्याण कार्यालय के मोहम्मद याकूब ने विजय दिवस के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार, सुबेदार राजेश कुमार लाम्बा, सीआई सुखराम चोटिया, एस.आई. किशनाराम, एएसआई बैजूलाल, ना. सुबेदार रामाधर, हवलदार सतपाल, राकेश, कानि. मनोज कुमार व कर्मा राम, अमजद खांन, सुबेदार गुमान सिंह व सुभाष चन्द्र, जगदेव गोयल, विशाल सिंह, रोहिताश सिंह गोविन्द सिंह, कपिल देव एवं सैनिक कल्याण विभाग का स्टाफ सहित गौरव सैनानी तथा गणमान्य नागरिकों ने वीरगति स्मारक पर पुष्पचक्र, पुष्प मालाएं व पुष्प अर्पित कर वीर सैनिकों को नमन किया व 1971 युद्ध के वीरगति सैनिकों के आश्रितों का सम्मान किया।

# जिला कलक्टर कार्यालय में कार्मिकों ने किया श्रमदान

चूरू (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मंगलवार को जिले सभी राजकीय कार्यालयों में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर कार्यालय में कार्मिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने श्रमदान कर सफाई अभियान का पर्यवेक्षण किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सफाई अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थल का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी दिनचर्या और कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। स्वच्छ कार्यस्थल सकारात्मक वातावरण के साथ आमजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह अभियान शासन —



प्रशासन की जनसेवा एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता है। जिला कलक्टर ने स्वयं श्रमदान कर अभियान का पर्यवेक्षण किया तथा उपस्थित कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, एक्सईएन प्रेम कुमार, दीपक शर्मा, गौरव शर्मा, मनीराम दनेवा सहित कलक्टर कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के अंतर्गत प्रेस प्रतिनिधियों से हुए रूबरू

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी, चूरू द्वारा प्रेस वार्ता कर अवगत करवाया गया कि प्रारूप मतदाता सूची-2026 की दो प्रतियाँ (एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी) मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एस.डी.एम.) द्वारा उपलब्ध करवाये जाने की जानकारी दी गई। उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्तियों तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र (Annexure - 4) में प्रस्तुत करने के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। घोषणा पत्र द्वारा आवेदक स्वयं अथवा उनके माता/पिता के नाम की गत गहन पुनरीक्षण से मैपिंग की जाती है।



इसी के साथ जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की सुविधा हेतु 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों का भी पुर्नगठन किया गया। जिले में पूर्व में 1565 मतदान केन्द्र थे, जिनका पुनर्गठन सुव्यव्यवस्थीकरण कर 295 नवीन मतदान केन्द्र सृजित हुए हैं और वर्तमान में जिले में 1860 मतदान केन्द्र हो गये हैं। इस प्रकार जिले की किसी भी विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाताओं वाला कोई भी मतदान केंद्र शेष नहीं है।

आयोग द्वारा प्रसारित कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 16.12.2025 से 15.01.2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये जाएंगे। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में अथवा अन्यथा भी मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की जावेगी और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की जावेगी। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा करेंगे। ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध 15 दिवस में प्रथम अपील अधिकारी "जिला मजिस्ट्रेट" को की जा सकती है तथा इस अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में द्वितीय अपील प्रथम अपील अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अगले 30 दिवस में द्वितीय अपील अधिकारी "मुख्य निर्वाचन अधिकारी" को अपील की जा सकेगी। इसके पश्चात आयोग द्वारा निर्धारित 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# दयानंद सागर यूनिवर्सिटी ने छात्रों के लिए योजनाओं की दी जानकारी

## -एआई शिक्षा से करियर निर्माण पर दिया जोर

**शब्बीर हुसैन**

कोटा (रॉयल पत्रिका)। दयानंद सागर यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकार वार्ता में विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए संचालित शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सीएमओ अभिषेक आर गणेश, कलस्टर हेड विवेक सिंह, कोटा-राजस्थान के कलस्टर मैनेजर हिमांशु शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में एआई लगभग सभी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार कर रही है और आने वाले समय में यह छात्रों के करियर के




लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पदाधिकारियों ने कहा कि आज छात्रों में सही प्लेटफॉर्म चयन को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में विद्यार्थियों को अपनी रुचि और लक्ष्य के अनुसार सही दिशा का चयन करना आवश्यक है। एआई के साथ तालमेल बैठाकर छात्र अपने भविष्य के लिए बेहतर अवसर तैयार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दयानंद सागर यूनिवर्सिटी शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार के बल पर निरंतर प्रगति कर रही है तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

# छात्र संघ महासचिव साजिद हुसैन के नेतृत्व में जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया का किया स्वागत

बारां (रॉयल पत्रिका)। राजकीय महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को छात्रसंघ महासचिव साजिद हुसैन के नेतृत्व में जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया का छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे, जिससे पूरा परिसर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया के साथ विद्यार्थियों की शिक्षा, सामाजिक विकास, महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं तथा जिले के समग्र विकास से जुड़ी समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। छात्र-छात्राओं ने खुलकर अपनी बात रखी, जिस पर जिला प्रमुख ने संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सभी समस्याओं को सुना। जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए



शेष विषयों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। आगामी सत्र को लेकर "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" अभियान, वृक्षारोपण, समाज जागरूकता कार्यक्रम एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाले अभियानों की रूपरेखा तैयार की गई। जिला प्रमुख ने समाजहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा वर्ग की भागीदारी से ही एक सशक्त, शिक्षित और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर छात्र संघ महासचिव साजिद हुसैन ने जिला प्रमुख को महाविद्यालय एवं जिले से जुड़ी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मांग रखी। जिला प्रमुख ने छात्र संघ की सक्रिय भूमिका और समाज सेवा के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने जिला प्रमुख के प्रति विश्वास व्यक्त किया और समाज व शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जिला विकास प्रदर्शनी के अवसर पर 'बाल विवाह मुक्त पंचायत' अभियान को मिली नई गति

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, बारां में जिला विकास प्रदर्शनी एवं जिला विकास पुस्तिका का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा।

इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग, बारां द्वारा 'सशक्त बारां, सशक्त बालिका – सुरक्षित बचपन, शिक्षित पहचान' स्लोगन पर आधारित बाल विवाह मुक्त पंचायत अभियान के विशेष पोस्टर का भी विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन विधायक डॉ. ललित मीणा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवर लाल जनागल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, समाजसेवी नरेश सिकरवार एवं



महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राकेश वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. ललित मीणा ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की नींव है। सहायक निदेशक राकेश वर्मा ने बताया कि जिले में बाल विवाह मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरुआत 13 दिसंबर से की जा चुकी है, जिसके अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा, ताकि बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। सहायक निदेशक ने कहा अभियान को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पंचायत स्तर पर निरंतर निगरानी, संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर दिया। सहायक निदेशक ने बताया कि अभियान के तहत पोस्टर, रैलियां, जागरूकता शिविर, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे बालिकाओं के अधिकारों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित हो।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जगन्नाथ पुष्प कुमार बागला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चूरू में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की ओर से 'सतत विकास' तथा 'ग्रीन ग्रोथ' विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एसीबीईओ सूर्यकांत शर्मा ने समस्त प्रतियोगिताओं के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम स्वामी ने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण दोहन पर बल दिया एवं भविष्य में बढ़ते प्रदूषण के दुष्परिणामों से अवगत कराया। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में बन्ने सिंह की देखरेख में समस्त प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में ऊषा शेखावत, राजेन्द्र चौबे, कपिल वर्मा, प्रभुदयाल सैनी, बेगराज कसवां ने प्रभारी की भूमिका निभाई। अनुजा




शर्मा, माधुरी शर्मा, शारदा गुड़ेसर, पूनम कंवर, इंद्राज कसवां, श्वेता शर्मा, कांता शर्मा, सुमन राठौड़ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता परिणाम निबंध प्रतियोगिता प्रथम स्थान: तमन्ना स्वामी – छापर ब्लॉक द्वितीय स्थान: दीपिका – रतनगढ़ ब्लॉक तृतीय स्थान: सुखसागर – सरदारशहर ब्लॉक चित्रकला प्रतियोगिता प्रथम स्थान: लक्षिता राठौड़ – सुजानगढ़ ब्लॉक द्वितीय स्थान: जयश्री प्रजापत – सुजानगढ़ ब्लॉक तृतीय स्थान: कुसुम दर्जी – सुजानगढ़ ब्लॉक आशु भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान: मेघना तंवर – चूरू ब्लॉक द्वितीय स्थान: वंशिका – सुजानगढ़ ब्लॉक तृतीय स्थान: प्रियांशी पारिक – सरदारशहर ब्लॉक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रथम स्थान: साक्षी – राजगढ़ ब्लॉक द्वितीय स्थान: सुलोचना प्रजापत – चूरू ब्लॉक तृतीय स्थान: योगेश – बीदासर ब्लॉकपुरस्कार वितरण बोर्ड द्वारा प्रथम स्थान: ₹11,000 द्वितीय स्थान: ₹7,000 तृतीय स्थान: ₹5,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष शर्मा ने किया।

# दिव्यांगजन ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर रॉयल विकलांग विकास संस्थान चूरू पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी के नेतृत्व में दिव्यांग जनों ने अपनी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा खान ने बताया कि पिछले 6 महिने से पालनहार योजना व 3 महिने से पेंशन योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ। फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच करवाई जाए। दिव्यांग स्कुटी का वितरण किया जाए व स्कुटी देने से पहले दिव्यांग प्रमाण पत्र व रोजगार प्रमाण पत्र की जांच की जाए जिन्होंने पिछले एक साल में दोबारा दिव्यांग प्रमाण पत्र जो 40% से उपर बढ़ाकर स्कुटी के आवेदन कर रखे हैं जांच की जाए। केम्प लगाकर



तुरन्त उपकरण वितरण किए जाएं। रोजगार गारंटी अधिनियम के तहस पात्र दिव्यांग जनों को रोजगार दिया जाए । दिव्यांग जनों को BPL व खाद्य सुरक्षा में जोड़ा जाए ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, पार्षद अजीज खान दिलावर खानी, पार्षद असलम खान मोयल, पार्षद आसिफ खान, पार्षद समीउल्लाह, पार्षद तोफिक खान, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, जहिर अब्बास, नबी अगवान, सफिक कुरैशी, नबील भाटी, हारुन जर्रा, कालु मोहम्मद,नईम कुरेशी, मुरलीधर प्रजापत, मेज़र सरताज, सद्दाम हुसैन, हारुन गौरी, जमील काजी, गफ्फार अगवान, इमरान चौहान आदि मौजूद थे।

# इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसायटी की मीटिंग सम्पन्न



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर "इंटेलेक्चुअल मुस्लिम्स सोसाइटी चूरू" की एक मीटिंग ग्रेविटी एजुकेशन कोचिंग पर सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अयूब खान (रिटायर्ड एडिशनल एसपी) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें में पूर्व मीटिंग में पारित प्रस्ताव माह दिसम्बर के अंत में एक "वाद-विवाद प्रतियोगिता" के आयोजन व रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा में खासतौर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय, समय, स्थान, निर्णायक मंडल, इनामात एवं प्रतिभागियों आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर एक राय बनी, और सबको अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई, मीटिंग में सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. एफ एच गोरी (सीनियर फिजिशियन), मोहम्मद आरिफ खान (प्रिंसिपल), रमजान खान (डायरेक्टर नवांकुर स्कूल), खुर्शीद गोरी (डायरेक्टर ग्रेविटी एजुकेशन कोचिंग), मोहम्मद रशीद खा मोयल शिक्षाविद, आसिफ खान (एईएन), अनीश खान, सदीक खान (वरिष्ठ अध्यापक), उस्मान अंसारी, मोहम्मद अली पठान, अयूब खान गोड, आरिफ खान मुन्याण (प्राध्यापक), हबीब डायर आदि उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने अपने कीमती सुझाव पेश किए।

# ज्ञापनों का निस्तारण न होने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर समस्या समाधान केंद्र के पदाधिकायों ने जिला कलेक्टर चूरू को पूर्व में दिए गए ज्ञापनों का निस्तारण न होने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पिथाणा जोहडा का अधिग्रहण करने, गढ़ चौराहे से उतरदा बाजार होती हुई मोचीवाड़ा की सड़क व बच्चू सिंधी के चौराहा से सब्जी मंडी के चौक होती हुई सुरेश गोटे वाले की दुकान तक की सड़क व लाल घंटा घर से राम मंदिर तक डिवाडर देखकर बनवाने गढ़ परिसर में सैटेलाइट अस्पताल का विकास हेतु गढ़ के पास स्थित हीरावत मंच को संरक्षण देने हेतु व इंद्रमणि पार्क में हाईलाइट की व्यवस्था करवाने



हेतु ज्ञापन दिया। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि पीथाणा जोड़ा बनियों के क्षेत्राधिकार में है। इस पर संस्था अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने उच्च न्यायालय जयपुर में विचाराधीन याचिका सुवो मोटा बनाम राजस्थान सरकार का परिपत्र ज्ञापन के साथ पेश किया, तब जिला कलेक्टर ने कहा कि पुनः जांच कराऊंगा। इस अवसर पर संस्था सचिव प्रमोद शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम बगड़िया, सदस्य पुरुषोत्तम पटवारी, उपाध्यक्ष विनोद राठी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक मांझा को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर युवा कांग्रेस चूरू द्वारा मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू से मुलाक़ात कर प्लास्टिक मांझा की बिक्री की रोकथाम के लिए ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि चूरू में बढ़ती प्लास्टिक मांझे की बिक्री पर रोकथाम के लिए व आये दिन प्लास्टिक मांझे से हादसे को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्लास्टिक मांझा व्यापारीयो के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा के




लिए मांग भी की गई। इस दौरान अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मौसिम खान, अमन दाधिच ,प्रदेश सचिव अनीश खान, सुरेंद्र बरोड़ सहित युवा उपस्थित रहे।

# नगरपालिका रतननगर में चला सफाई अभियान

## -ईओ संजू खोड सहित सभी ने किया श्रमदान

रतननगर (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहां मंगलवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एवं पालिकाध्यक्ष निकिता गुर्जर के मार्गदर्शन में तथा अधिशाषी अधिकारी सुश्री संजू खोड के नेतृत्व में नगरपालिका कार्यालय के समस्त कक्षों, बरामदो, गैलरी व हॉल की सामुहिक रूप से अभियान चलाकर साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। अधिशाषी अधिकारी सुश्री संजू खोड ने बताया कि इस दौरान पालिका परिसर के आसपास दीवारों के पास उगी हुई खरपतवार को भी हटाया जाकर स्थान स्वच्छ बनाया गया। उन्होनें बताया कि इस दौरान कार्यालय में लगे समस्त कूलर, पंखो, एसी आदि की भी साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर बोलते हुए अधिशाषी अधिकारी सुश्री संजू खोड ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ परिवेश से ही स्वस्थ समाज और समृद राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होनें कहा कि स्वच्छता अभियान जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है इसलिए स्वच्छता हमारी



आदतों में शामिल होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि नगरपालिका का निरंतन यह प्रयास रहेगा कि पूरे नगरपालिका क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और नागरिक इसे अपनी दैनिक जीवन शैली में शामिल करें। उन्होनें सभी जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा कचरे के उचित निस्तारण में सहयोग करने की अपील की। स्वच्छता कार्यक्रम एवं श्रमदान के दौरान कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनोहर सिंह, पीआरओ किशनलाल उपाध्याय, एसबीएम इंजीनियर मोनिका, होमेन्द्र सिंह, विकास भाटिया, श्यामसुन्दर शर्मा, चिरंजीव सैनी, अमिल कुदाल, रमेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

# मारवाड़ हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर द्वारा ऑल इंडिया हज खिदमतगार कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**मोहम्मद यासीन**



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मारवाड़ हज वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में होटल जमजम, जोधपुर में आयोजित ऑल इंडिया हज खिदमतगार कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए हज खिदमतगारों, समाजसेवियों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कॉन्फ्रेंस के दौरान हज यात्रियों की सेवा में निरंतर सक्रिय रहने वाले हज खिदमतगारों का अध्यक्ष अल्हाज सलीम चौहान एवं महासचिव हाजी अब्दुल जब्बार ने सम्मान किया। इस अवसर पर केंद्रीय हज कमेटी के ट्रेनर आमीन अली रंगरेज ने हज यात्रा को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार भी साझा किए गए। कार्यक्रम में पाली जिले के हज खिदमतगार हज ट्रेनर आमीन अली रंगरेज, अमजद अल्फ़ाज़, आमीन गौरी, मोहम्मद यासीन रॉयल, मकबूल अहमद चूड़ीघर का सम्मान कर उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि हज खिदमतगार हज यात्रियों के लिए मार्गदर्शक और सहायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनकी सेवाएँ सराहनीय हैं। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य हज खिदमतगारों के अनुभवों को साझा कर हज व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना एवं आपसी समन्वय को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इब्राहिम शेख महाराष्ट्र, गुजरात हज कमेटी चेयरमैन हाजी इकबाल सैय्यद, स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी शहीद मोहम्मद जयपुर स्थित देश एवं प्रदेश भर के हज खिदमतगारों ने भाग लिया।

# सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

## -eDAR के माध्यम से स्टेट हाईवे पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की संयुक्त जांच



बारां (रॉयल पत्रिका)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से eDAR पोर्टल के माध्यम से स्टेट हाईवे पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की संयुक्त जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने कहा कि "eDAR पोर्टल के माध्यम से चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की संयुक्त जांच का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि कई स्थानों पर अत्यधिक वाहन गति दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। ऐसे ब्लैक स्पॉट्स पर ITMS कैमरों की स्थापना से वाहन चालकों की गति पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। इस संयुक्त निरीक्षण दल में परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा, PWD से अधिशाषी अभियंता भंवर लाल जी महावर, पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर मान सिंह एवं हेड कांस्टेबल हंसराज, NIC से जिला रोलआउट मैनेजर त्रिदेव सेन, रिडकोर से प्रोजेक्ट इंजिनियर दिनेश रावल सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान स्टेट हाईवे पर चिन्हित प्रत्येक ब्लैक स्पॉट का स्थल पर गहन अध्ययन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा यह निर्धारित किया गया कि किन-किन ब्लैक स्पॉट्स पर ITMS (Intelligent Traffic Management System) कैमरे स्थापित किए जाने चाहिए। साथ ही, प्रत्येक ब्लैक स्पॉट के दुर्घटनाजन्य कारणों जैसे अत्यधिक वाहन गति, सड़क ज्योमेट्री की खामियां, साइन बोर्ड एवं रोड मार्किंग की कमी, दृश्यता संबंधी समस्याएं, का विश्लेषण कर सुधारात्मक कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए गए। संयुक्त जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि ITMS कैमरों की स्थापना से वाहन गति पर प्रभावी अंकुश लगेगा, यातायात नियमों का बेहतर पालन सुनिश्चित होगा तथा दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। प्रशासन द्वारा शीघ्र ही चिन्हित सुधारात्मक कार्यों को क्रियान्वित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो।

# मनोज खंडेलवाल बने अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला संगठन मंत्री

**शफीक अली**



मंडावर/दौसा (रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने दौसा जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए मंडावर निवासी वरिष्ठ पत्रकार मनोज खंडेलवाल को दौसा जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासम्मेलन के संभागीय आयुक्त एवं दौसा जिलाध्यक्ष मनोहरलाल गुप्ता द्वारा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दौसा जिला मुख्य संरक्षक रमेश खंडेलवाल (मंडावर वाले) की सहमति से की गई है। नियुक्ति के साथ ही संगठन की नीतियों, अनुशासन और तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए जिले में संगठन को सशक्त बनाने की स्पष्ट जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मनोज खंडेलवाल ने अपनी नियुक्ति पर संगठन नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे महासम्मेलन की विचारधारा, नियमों और सामाजिक उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करेंगे तथा वैश्य समाज को संगठित, जागरूक और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही संगठन से जुड़े पदाधिकारियों, समाजबंधुओं और परिचितों में उत्साह का माहौल बन गया। बधाइयों का सिलसिला फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार जारी है। समाज के वरिष्ठ लोगों का कहना है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे अनुभव और सामाजिक सरोकारों की मजबूत समझ रखने वाले मनोज खंडेलवाल की नियुक्ति से जिले में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्राप्त होगी।

# यमराज बने संदेशवाहक, सड़क सुरक्षा का दिया सशक्त संदेश

## -मनोरंजक अंदाज़ में यातायात नियमों की दी गई जानकारी



बारां (रॉयल पत्रिका) । सड़क सुरक्षा सप्ताह के सातवें दिन सोमवार को जिला परिवहन विभाग द्वारा एक अभिनव एवं जनआकर्षक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर यमराज के रूप में संदेशवाहक के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि जीवन अमूल्य है, इसे लापरवाही में न गंवाएं। जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने यमराज के माध्यम से वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना, नशे की अवस्था में वाहन न चलाना तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करना जैसे नियम जीवन सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन नियमों की जानकारी सरल भाषा और मनोरंजक शैली में दी गई, जिससे लोगों ने इसे सहजता से समझा और अपनाने का संकल्प लिया। यह जागरूकता अभियान बारां जिले के व्यस्ततम चौराहों प्रताप चौक, चारमूर्ति, दीनदयाल सर्किल एवं अम्बेडकर सर्किल पर संचालित किया गया। यमराज के रूप में प्रस्तुत पात्र ने राहगीरों और वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित करते हुए हास्य एवं प्रभावशाली संवादों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। अभियान को देखकर आमजन, विशेषकर युवाओं और वाहन चालकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने मौके पर ही यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान परिवहन निरीक्षक नवरत्न मीणा एवं कनिष्ठ सहायक शशिकान्त मीणा उपस्थित रहे और उन्होंने भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जिला परिवहन विभाग द्वारा किया गया यह अभिनव प्रयास सड़क सुरक्षा के संदेश को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा और लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करने का माध्यम बना।

# राजस्थान कायमखानी महासभा एंव श्रीराम मंगलम हॉस्पिटल लाडनूं के संयुक्त तत्वावधान में महिला रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया



लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। शहरिया बास चौक स्थित कायमखानी इस्लामिया मदरसा में राजस्थान कायमखानी महासभा एंव श्रीराम मंगलम हॉस्पिटल लाडनूं के संयुक्त तत्वावधान में महिला रोग विशेषज्ञ शिविर आयोजित किया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए राजस्थान मुस्लिम महासभा के पुर्व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एंव राजस्थान कायमखानी महासभा के आजीवन प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी व युवा कार्यकर्ता पींटू भाई मलवाण की देखरेख में सफलतापूर्वक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें महिला चिकित्सा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन चौधरी, नर्सिंग स्टाफ मुस्कान, ममता जांगीड़, बिरबलराम गुजर, रमेश राहड़, संग्राम चौधरी सहित मोती खां मलवाण, यासीन अख्तर, एडवोकेट नबाब खां, मोती खां दोलतखानी, हाजी फतूखा, मदरसा कमेटी अध्यक्ष रावत खां फतेहखानी, उमेद खां, अरबाज आदी शिविर शुभारंभ के दौरान उपस्थित रहे। इस कैंप में कुल 151 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया एंव महिला रोग से संबंधित सभी प्रकार की बिमारीयो की नियमानुसार नि:शुल्क जांच कर महिलाओं की अनैक प्रकार की बिमारियों से संबंधित दवाईयां आदी नि:शुल्क रूप से वितरण की गई तथा जांचें आदी भी नि:शुल्क रही। शिविर के दौरान मौके पर उपस्थित समाज के लोगों ने श्रीराम मंगलम होस्पिटल के संचालनकर्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी का आभार व्यक्त किया। तथा आगामी दिनों में इसी प्रकार से समाज का सहयोग करने की उम्मीद जताई।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद में स्वच्छता श्रमदान, शहरी समस्या समाधान शिविर का आयोजन



बारां (रॉयल पत्रिका) । राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद कार्यालय बारां में मंगलवार 16 दिसंबर 2025 को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नगर परिषद परिसर की व्यापक साफ-सफाई एवं धुलाई की। कार्यालय भवनों की छतों पर लगे जालों को हटाया गया तथा सभी शाखा प्रभारियों द्वारा अपनी-अपनी शाखाओं की पूर्ण सफाई की गई। इसके साथ ही नगर परिषद परिसर में स्थित मंदिर की छत की भी सफाई एवं धुलाई कराई गई। एकत्रित समस्त कचरे को उठवाकर डम्पिंग यार्ड पहुंचाया गया। श्रमदान कार्यक्रम में आयुक्त भुवनेश मीणा, ए.टी.पी. केशव कुमार, सहायक अभियंता धर्मराज गुर्जर, मानसिंह मीणा, श्याम मनोहर शर्मा, सफाई निरीक्षक नरसीलाल स्वामी सहित समस्त कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वच्छता का संदेश दिया। इसी क्रम में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शहरी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण एवं विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद धर्मशाला में दिनांक 16 से 24 दिसंबर 2025 तक "शहरी समस्या समाधान शिविर 2025" का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। अब तक नाम हस्तांतरण के 14 प्रकरण, कन्वर्जन पट्टों के 58 प्रकरण, 69 ए के अंतर्गत 2 पट्टे तथा जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 63 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। वहीं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित 16 लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान शिविर में किया गया।

# साईबर पुलिस व DST ने न्यूड वीडियो दिखाकर लोगों को ब्लैकमेल कर ठगी करने वाले 5 ठगों को हिंडौन क्षेत्र से किया गिरफ्तार

**हनीस खान कुतकपुर**



करौली (रॉयल पत्रिका)। करौली साइबर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ने अश्लील वीडियो फिल्म दिखाकर लोगों को ब्लैकमेल कर ठगी करने वाले पांच ठगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना अधिकारी कैलाश चंद मीणा ने सोमवार शाम 7:00 बजे बताया कि एसपी के निर्देशन में ऑपरेशन एंटी वायरस 2.0 अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लोगों को झांसे में लेकर वीडियो कॉल पर नग्न व अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले साइबर ठग आरोपी हासिम पुत्र मुबीन खान मेव निवासी महादेव का कुआं रनजीत नगर अलवर, सूरज जाटव पुत्र भीमसिंह जाटव निवासी खेडला बुजुर्ग महवा थाना सलेमपुर जिला दौसा, किस्मत पुत्र कासम खान मेव निवासी सावन्त का बास मन्द का बास सहडोली थाना बगड तिराहा जिला अलवर, नवीन पुत्र मुकेश चन्द जाटव निवासी खेडला बुजुर्ग थाना सलेमपुर, लवकुश पुत्र देवीसिंह जाटव निवासी बन्ध का पुरा थाना सदर हिण्डौन को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी करने के काम में ली जाने वाली गाडी स्कॉर्पियो एन एवं 02 आईफोन, 04 एंड्राइड मोबाइल व 26700 रूपये बरामद किये गये।

# सूचना केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का विधायक हरलाल सहारण ने किया उद्घाटन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के सिलसिले में मंगलवार को सूचना केंद्र में जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से लगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में दशाई गई प्रदेश एवं जिले की विकास यात्रा सबंधी सामग्री की सराहना की। उपनिदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि प्रदर्शनी तीन दिन तक आमजन के निःशुल्क अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जिले में विभिन्न विभागों की ओर से अर्जित उपलब्धियों को दर्शाया गया है। सहायक जन संपर्क अधिकारी मनीष कुमार ने प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों को जानकारी दी। इस दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र सिंह न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, अख्तर खान, नरेंद्र काछवाल, सत्तार खान, रचना कोठारी, सुरेश मिश्रा, महेश मिश्रा, राजीव शर्मा, किशन उपाध्याय, सीपीओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उप निदेशक आरजी सेपट, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, विक्रम गुर्जर, रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह, दुलीचंद सोनी, अक्षेता, प्रदीप, संजय गोयल, विजय रक्षक, जितेंद्र, अजय चांवरिया सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आमजन एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से राज्य स्तर से प्रकाशित योजनाओं एवं उपलब्धियों से जुड़े साहित्य का वितरण किया गया। जिला विकास पुस्तिका का विमोचन इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से दो वर्ष की उपलब्धियों को लेकर प्रकाशित की गई जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। विधायक सहारण ने जिला विकास पुस्तिका में समाहित सामग्री का अवलोकन किया और कहा कि पुस्तिका में समग्र ढंग से जिले के विकास को शामिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तिका आमजन को जिले के विकास एवं योजनाओं को लेकर जागरुक करने की दिशा में उपयोगी साबित होगी। पुस्तिका में जिले में बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ विभिन्न विभागों की ओर से किए गए विकास कार्यों एवं अर्जित उपलब्धियों को शामिल किया गया है।

# पाखर चौडाकी में रात के अंधेरे में घर के अंदर बने टीनशैड से दो बकरियाँ चोरी, पीडीत ने कराया मामला दर्ज

**शफीक अली**




मंडावर (रॉयल पत्रिका)। मंडावर थाना क्षेत्र के चौड़ाकी पाखर गांव में चोरी की वारदात सामने आने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। चौडा की पाखर में मौजूद गढ़-हिम्मतसिंह–मंडावर मार्ग स्थित तिराहे के पास रहने वाले पीडीत व्यक्ति सैय्यद रफीक मोहम्मद के घर के भीतर बने टीन शेड से अज्ञात चोर रात के अंधेरे में दो बकरियाँ चोरी कर ले गए। इसे लेकर पीड़ित सैय्यद रफीक मोहम्मद पुत्र शमशेर खाँ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 11 दिसंबर की रात वह रोज़ की तरह अपनी कुल पाँच बकरियों को अपने ही घर के अंदर बने टीन शेड में बांधकर परिवार सहित कमरे में सो गया था। अगले दिन सुबह करीब पाँच बजे जागने पर उसने देखा कि टीन शेड में बंधी पाँच बकरियों में से दो बकरियाँ गायब हैं। घटना को लेकर उसने अपने परिजनों और आसपास के लोगों को बताया और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसे लेकर पीड़ित ने आशंका जताई कि अज्ञात चोर उसकी बकरियाँ चोरी कर ले गए हैं और संभवतया उन्हें खुर्द-बुर्द कर सकते है। घटना को लेकर पीड़ित ने थाना मंडावर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ सख़्त कानूनी कार्रवाई और चोरी गई दोनों बकरियों की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र और पटवार भवन के अभाव में पांचपदरिया गांव सुविधा से वंचित - जागरवाल

## -चौराई क्षेत्र की बड़ी समस्याएँ स्वास्थ्य, पटवार भवन और पेयजल तीनों अधर में

**मोहम्मद यासीन**




पाली (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने रोहट के चोराई क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान जागरवाल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर बताया कि पाली विधानसभा क्षेत्र के रोहट के अन्तर्गत आने वाले पांचपदरिया गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र पिछले सात वर्षों से जर्जर स्थिति में है। भवन की स्थिति जर्जर व खराब होने के कारण एएनएम के बैठने तक की व्यवस्था नहीं, जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। जागरवाल ने कहा कि प्रशासन से कई बार मांग करने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। गांव में पटवार मुख्यालय तो कई वर्षों पूर्व स्वीकृत हो चुका है और निर्माण हेतु भूमि का पट्टा भी जारी है। फिर भी पटवार भवन का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण किसानों को नकल, नक्शा, नामान्तरण (म्यूटेशन) और अन्य राजस्व सम्बन्धी कार्यों के लिए 15 किलोमीटर दूर मांडावास आर. आई. मुख्यालय जाना पड़ता है। जागरवाल ने बताया कि पांचपदरिया पाली जिले का अंतिम गांव है जो जालोर सीमा से सटा हुआ है। यहाँ की भूमि लवणीय (खारी) होने के कारण तालाबों का पानी भी खारा हो जाता है, जिसे पशु भी नहीं पीते। इसी वजह से गांव में कठोर सर्दी के मौसम में भी पेयजल संकट बना हुआ है। विधायक भीमराजजी भाटी द्वारा अपने कोष से 30 लाख रूपये स्वीकृत कर नई पाईपलाईन बिछा देने के बावजूद जे.जे.एम. योजना के तहत घर-घर कनेक्शन नहीं होने के कारण लोगों को पानी पूरा नहीं मिल रहा है। जागरवाल ने जिला कलेक्टर महोदय से पुरजोर मांग की है कि पांचपदरिया गांव में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र और पटवार भवन के निर्माण की स्वीकृति तत्काल प्रदान की जाये। साथ ही जे.जे.एम. के तहत ठेकेदारों को पाबन्द कर सभी गांवों में अधूरे कार्य को पूरा कर हर घर को पीने के पानी का कनेक्शन किया जाये।

# मुस्लिम महासभा के प्रदेश सचिव बने जाहिर खान

## -समाज में खुशी की लहर, शुभचिंतकों ने दी बधाई

**हनीस खान कुतकपुर**



सूरौठ (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान एवं राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान की विशेष अनुसंशा पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी ने करौली के सूरौठ निवासी जाहिर खान को प्रदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया है। नियुक्ति आदेश जारी होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला कदम बताया। जाहिर खान लंबे समय से समाजसेवा, शिक्षा प्रसार और युवाओं के मार्गदर्शन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने सदैव समाज में एकता, भाईचारा और शिक्षा के प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मुस्लिम महासभा का प्रमुख उद्देश्य "तालीम, तंजीम और तिजारत" — यानी शिक्षा, संगठन और व्यापार के माध्यम से समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है। संगठन देशभर में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक तरक्की के लिए काम कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी ने कहा कि जाहिर खान जैसे जुझारू और ईमानदार कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश में संगठन और अधिक मजबूत होगा। वहीं राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुस्लिम महासभा समाज के उत्थान की दिशा में काम कर रही है। जाहिर खान की नियुक्ति से राजस्थान में संगठन की गतिविधियाँ और तेजी से आगे बढ़ेंगी। राष्ट्रीय महासचिव आबिद खान,प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा व संभाग प्रभारी मोहम्मद रफीक ने सोशल मीडिया के माध्यम से जाहिर खान को हार्दिक बधाई दी और कहा कि जाहिर खान की नियुक्ति संगठन के लिए गौरव की बात है। उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके अलावा कई समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी जाहिर खान को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जाहिर खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी व सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुआ विविध सेवा कार्यों का आयोजन



पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी पाली द्वारा सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत आज माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के जन्मदिवस के अवसर पर पाली जिले की सभी विधानसभाओं में विविध सेवा कार्य आयोजित किए गए। जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी के नेतृत्व में जिले भर में जगह-जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें उत्साहपूर्वक लगभग 482 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही पाली जिले की सभी गौशालाओं में गौवंश को लापसी एवं गुड़ खिलाकर सेवा की गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी श्याम शर्मा एवं सह-प्रभारी विनिता जी सेठ ने जिले का दौरा कर सोजत, पाली, मारवाड़, सुमेरपुर एवं सादड़ी में आयोजित सेवा कार्यों का अवलोकन किया एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रमों में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, महेंद्र बोहरा, संजय ओझा, रामकिशोर साबू, शिवप्रकाश प्रजापत, देविलाल मेघवाल जिला मंत्री शैतान देवासी, प्रताप सिंह जोधा, राहुल मेवाड़ा, सुरेश देवासी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिले भर में आमजन के लिए आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें प्राथमिक जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। सेवा पखवाड़ा के संयोजक दिग्विजयसिंह राठौड़ के साथ महेश वागड़ी, अशोक तलेसरा, मनीष जावा, जीतू भंसाली, मंडल अध्यक्ष सुरेश पवार, गोपाल बंजारा, मांगूसिंह डेडा, राजूभाई पटेल, सुल्तान सिंह, रामलाल देवासी, मुकेश नाबरिया, प्रवीण गुलेछा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नंदी शाला में आयोजित कार्यक्रम में देवीलाल मेघवाल, मूलसिंह भाटी, पप्पू शर्मा, डॉ. दिलीप सिंह, पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, जयसिंह राजपुरोहित, अभिषेक दुगड़, प्रेमसिंह चारण, सुदर्शनसिंह उदावत, रेखा कंवर भाटी, अजय वैष्णव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' एक्टर अनुज सचदेवा पर हुआ हमला



पॉपुलर टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'साथ निभाना साथिया' और 'मन की आवाज प्रतिज्ञा' में अपनी भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले एक्टर अनुज सचदेवा ने रविवार शाम, 14 दिसंबर को अपने इंस्टाग्राम पर एक चौंकाने वाला वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में मुंबई के गोरेगांव स्थित उनकी सोसायटी में रहने वाले एक शख्स को उन पर हमला करते देखा जा रहा है। वीडियो ने वो शख्स अनुज पर आरोप लगाते हुए कह रहा है कि उनके कुत्ते ने उसे काट लिया है, इस पर वह गुस्सा हो गया और बार-बार उसे गालियां देने लगा। इसके आगे वीडियो में दिख रहा है कि अनुज पर हमला करने वाले शख्स अनुज को गाली दे रहा है और बेरहमी से बार-बार लाठी से उन पर वार कर रहा है। वीडियो में हमलावर को गुस्से में यह कहते हुए भी सुनाई दे रहा है, 'कुत्ते से कटवाएगा?' तभी एक महिला ने सिक्योरिटी गार्ड्स को बुलाया। सिक्योरिटी गार्ड्स ने बीच-बचाव किया, और अनुज को उससे आदमी से दूर किया, लेकिन हमलावर ने गाली-गलौज जारी रखी। इतना ही नहीं उसने एक्टर को जान से मारने की धमकी भी दी।

## 74 की उम्र में भी एक्ट्रेस का जलवा बरकरार

### बोलीं- दिल हमेशा जवान...





फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर नए पोस्ट के साथ फैंस से जुड़ती रहती हैं। 70-80 के दशक की जानी मानी एक्ट्रेस जीनत अमान की गिनती उस दौर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस में होती थी। यही नहीं, वह अपने दौर की फैशन आइकन भी थीं। उनका ये स्वैग अब भी कम नहीं हुआ है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया है कि उनकी म्यूजिक सुनने की उम्र सिर्फ 21 साल निकली है। अपनी एक्टिंग से और किरदारों से उस दौर में क्रांति लाने वाली एक्ट्रेस जीनत अमान आज भी अपनी पर्सनल लाइफ में उतनी ही बेबाक और जिंदादिल हैं. 74 साल की उम्र में भी जीनत अमान अपनी एनर्जी और यंग स्पिरिट से लोगों के लिए मिसाल बनी हुई हैं। चाहे उनकी फिटनेस रूटीन हो या म्यूजिक की पसंद, जीनत यह साबित किया है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है।

## सलमान खान ने की तमन्ना भाटिया की आवाज़ की तारीफ़



### बोले - सबसे शानदार आवाज़



तमन्ना भाटिया को हाल ही में सलमान खान से खास तारीफ़ मिली। एक टूर के दौरान सलमान खान ने उनकी आवाज़ की सराहना करते हुए कहा, 'इनकी आवाज़ सुनो... मुझे लगता है कि इनके पास अब तक की सबसे शानदार आवाज़ है।' सलमान की इस बात पर वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगे। इतने बड़े स्टार से मिली तारीफ़ तमन्ना के लिए बेहद खास रही। उनकी खुशी साफ नज़र आई और यह पल और भी यादगार बन गया। करीब 20 साल से इंडस्ट्री में काम कर रहीं तमन्ना ने अलग-अलग भाषाओं और फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है। वह हमेशा नए तरह के रोल करने से नहीं डरतीं और लगातार खुद को साबित करती आई हैं। आने वाले समय में तमन्ना कई बड़ी फिल्मों में दिखेंगी। वह वी. शांताराम की बायोपिक में जयश्री की भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अजय देवगन और संजय दत्त के साथ 'रेंजर', और रोहित शेट्टी की एक फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ नज़र आ सकती हैं। मजबूत फिल्मों की इस लाइन-अप के साथ, तमन्ना भाटिया एक बार फिर साबित कर रही हैं कि वह इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं।

## मैं एक ही फिल्म दो बार भी नहीं देखती लेकिन धुरंधर 4-5 बार देखना चाहती हूं

# एलनाज नौरोजी

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा देखने को मिल रहा है। 250 करोड़ से ज्यादा कमाई कर चुकी फिल्म को खूब तारीफ मिल रही है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई स्पाई-थ्रिलर दर्शकों के साथ ही सेलेब्रिटीज को भी खूब पसंद आ रही है। ईरानी मूल की अभिनेत्री और मॉडल एलनाज नौरोजी ने भी फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े। फिल्म की तारीफ के लिए एलनाज ने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया। 'धुरंधर' का पोस्टर पोस्ट करते हुए उन्होंने दिल खोलकर प्रशंसा की। एलनाज ने न केवल कहानी बल्कि निर्देशक और स्टारकास्ट को भी कमाल बताया। एलनाज ने पोस्ट में लिखा, 'मैं बस यही महसूस कर रही हूं कि वाह! क्या कमाल की फिल्म है। फिल्म मेकिंग अपने सबसे अच्छे रूप में है आदित्य धर। एक्टर रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना ने बेजोड़ एक्टिंग की है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें सिनेमा बहुत पसंद है, लेकिन आमतौर पर किसी भी फिल्म को वह दो बार से ज्यादा नहीं देखती हैं। लेकिन, 'धुरंधर' वह बार बार देखना चाहती हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं एक्टिंग के क्षेत्र से हूं और सिनेमा मुझे पसंद है। लेकिन मैं एक ही फिल्म को दो बार भी देखना पसंद नहीं करती। लेकिन, खास बात है कि 'धुरंधर' इतनी शानदार है कि इसे मैं तीन-चार-पांच या बार देखना चाहती हूं।' 'धुरंधर' को दर्शकों के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों से भी खूब तारीफ मिल रही है। भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों की बहादुरी और जियोपॉलिटिकल मुद्दों पर आधारित फिल्म में रणवीर सिंह ने एक रॉ एजेंट की भूमिका निभाई है, जबकि अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन, राकेश बेदी और सारा अर्जुन भी महत्वपूर्ण किरदार में हैं। फिल्म की कहानी कंधार हाइजैक, 26 नवंबर जैसी सच्ची घटनाओं से इंस्पायर्ड है। तारीफ के साथ ही फिल्म की आलोचनाएं भी हो रही हैं। कुछ क्रिटिक्स ने इसे 'प्रोपेगेंडा' कहा है। एलनाज नौरोजी 'सेक्रेड गेम्स', 'मस्ती 4' के साथ ही बॉलीवुड में कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

## 'बॉलीवुड जिंदा है..', 'धुरंधर' पर आरोप लगाने वालों को एक्टर ने लिया आड़े हाथ, बोले- नकली बुद्धिजीवियों से बचें



रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की फिल्म 'धुरंधर' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म ने लगातार एक हफ्ते से रिकॉर्ड बनाए हैं और 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म के हर किरदार को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है, लेकिन उस पर प्रोपेगेंडा फैलाने और पाकिस्तान की आतंकवाद के प्रति सोच को बेहतरीन तरीके से दिखाने का आरोप भी लग रहा है। फिल्म निगेटिव पीआर में भी फंसी है। अब भारतीय अभिनेता निकितिन धीर ने बताया है कि फिल्म कैसी है। निकितिन धीर ने 'धुरंधर' देखी है और इसे बेहतरीन बताया है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सिनेमेटोग्राफी बहुत अच्छी है और कहानी दिल को छू लेने वाली है. उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा, 'लोग अक्सर उस चीज से नफरत करते हैं जिसे वे कंट्रोल नहीं कर सकते। 'धुरंधर' ने अपने रास्ते की हर रुकावट को खत्म कर दिया है और सच्चाई को सबसे सिनेमैटिक और खूबसूरत तरीके से दिखाया है। इसने झूठी कहानियों को खत्म कर दिया है और साबित कर दिया है कि बॉलीवुड जिंदा है और अच्छा काम कर रहा है। मुझे इस इंडस्ट्री का हिस्सा होने पर गर्व है, जहां एक अच्छी बनी फिल्म के बारे में पूरी दुनिया में बात हो रही है। '

## मेस्सी के साथ तस्वीरें पोस्ट करने पर अभिनेत्री सुभाश्री को बनाया गया निशाना, पति ने शिकायत दर्ज कराई



दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इसके बाद उनके पति और फिल्मकार राज चक्रवर्ती ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभिनेत्री के पति ने सोशल मीडिया के कुछ प्रयोक्ताओं के खिलाफ शिकायत दी है, जिन्होंने उनकी पत्नी को गलत तरीके से और अभद्र बातें कहकर निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती की शिकायत के आधार पर उत्तर 24 परगना जिले के टीटागढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया।

## पराग त्यागी ने दिवंगत पत्नी शेफाली जरीवाला को याद किया



अभिनेता पराग त्यागी ने अपनी दिवंगत पत्नी शेफाली जरीवाला को उनकी 43वीं जयंती पर याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। रीमिक्स संगीत कांटा लगा पर अपनी शानदार प्रस्तुति से प्रसिद्धि पाने वालीं जरीवाला का 42 साल की उम्र में 27 जून को निधन हो गया था। त्यागी ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट साझा किया और कहा कि उनकी मां का जन्मदिन जरीवाला की जयंती के दिन ही पड़ता है। इस पुराने वीडियो में अभिनेता की मां और जरीवाला एक साथ डांस करती नजर आ रही हैं। त्यागी ने कैप्शन में लिखा, लोग कहते हैं कि एक आदमी की सफलता के पीछे एक महिला होती है, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पास दो महिलाएं परी और मम्मी हैं, दोस्तों सोचो दोनों के जन्म की एक ही तारीख को है, 15 दिसंबर। जन्मदिन मुबारक हो मेरी जान। मैं अपनी आखिरी सांस तक तुम्हें प्यार करता रहूंगा। जरीवाला और त्यागी, पवित्र रिश्ता और जोधा अकबरे जैसे दैनिक धारावाहिकों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं।

## क्लास ऑफ 2025 ऐश्वर्य ठाकरे, अहान पांडे, अनीत पड्डा और हरनाज़ संधू तक इन नए सितारों ने किया दिलों पर राज



2025 के खत्म होने के साथ ही सिनेमा में उभरते नए टैलेंट्स ने अपनी खास छाप छोड़ दी है। इस साल सामने आए नए कलाकारों ने सिर्फ पर्दे पर एंट्री नहीं ली, बल्कि अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा और कहानियों की जान बन गए। चाहे यादगार डेब्यू हो या मजबूत परफॉर्मेंस, इन कलाकारों ने यह साफ कर दिया कि असली स्टारडम मेहनत, जुनून और टैलेंट से मिलता है। कहना गलत नहीं होगा कि 2025 की यह नई जमात आने वाले वक्त में इंडस्ट्री की दिशा तय करने वाली है।

**ऐश्वर्या ठाकरे - निशानची 1 और 2 का पावरहाउस**

लगातार दमदार परफॉर्मेंस के साथ आशीर्वाद ठाकरे 2025 के सबसे असरदार नए चेहरों में से एक बनकर सामने आए। निशान्ची 1 और 2 में उनकी मजबूत स्क्रीन प्रेज़ेंस, एक्शन पर पकड़ और भावनाओं को सादगी से दिखाने की क्षमता ने इस फ्रेंचाइज़ी को असली ताकत दी। उन्होंने सिर्फ किरदार निभाया नहीं, बल्कि कहानी को और ऊंचाई दी। अपने काम से आशीर्वाद ने साफ संकेत दे दिया है कि वह लंबे समय तक चलने वाले कलाकार हैं।

**अहान पांडे - सैयारा की जान**

अहान पांडे ने सैयारा में एक सधी हुई और गहराई भरी परफॉर्मेंस दी। उन्होंने अपने किरदार में नर्मी और सादगी के साथ एक शांत आकर्षण बनाए रखा। फिल्म की भावनात्मक धुरी बनकर, अहान ने अपने अभिनय से दर्शकों को हर मोड़ पर अपने साथ जोड़े रखा। उनके इस नेचुरल और ईमानदार परफॉर्मेंस को आलोचकों की सराहना मिली, वहीं उनकी फैन फॉलोइंग भी तेजी से बढ़ती गई।

**अनीत पड्डा - सायरा की धड़कन**

उन्होंने अपने किरदार को सादे और मजबूत तरीके से निभाया, जिसमें उसकी कमजोरी और हिम्मत दोनों साफ दिखीं। स्क्रीन पर उनका हर सीन सच्चा और जुड़ा हुआ लगा, जैसे वह किरदार सच में जी रही हों। उनके भावुक अभिनय ने कहानी को और असरदार बनाया और उन्हें अपनी पीढ़ी की उभरती हुई और भरोसेमंद अभिनेत्रियों में शामिल कर दिया।

**हरनाज़ संधू - बागी 4 में ग्लैमर और हिम्मत का संगम**

हरनाज़ संधू ने अपने पेजेंट क्राउन से आगे बढ़ते हुए बाग़ी 4 में एक मजबूत और असरदार अभिनय से दर्शकों को चौंका दिया। उन्होंने अपने किरदार में ग्लैमर के साथ-साथ मजबूती भी दिखाई और उसे पूरी गंभीरता, शारीरिक मेहनत और सच्ची भावनाओं के साथ निभाया। ऐसे में अब सिर्फ मिस यूनिवर्स की पहचान तक सीमित न रहते हुए, हरनाज़ ने साबित कर दिया कि वह एक गंभीर अभिनेत्री के तौर पर खुद को स्थापित करने आई हैं, जिनकी अभिनय क्षमता रनवे से कहीं आगे तक जाती है।

**सोनम बाजवा - हाउसफुल 5 में कॉमिक टाइमिंग और चार्म**

हाउसफुल 5 जैसे बड़े और स्टार्स से भरे कलाकारों के बीच सोनम बाजवा ने न सिर्फ अपनी जगह बनाई, बल्कि कई सींस में सबका ध्यान भी खींच लिया। उनकी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस ने फिल्म में नई ताजगी जोड़ दी। उनका मज़ाकिया अंदाज़, दमदार मौजूदगी और बाकी कास्ट के साथ सहज तालमेल ने फिल्म को और मज़ेदार बना दिया। इस परफॉर्मेंस के साथ सोनम ने खुद को मौजूदा दौर की सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा एंटरटेनर्स में शामिल कर लिया। जब यह नई पीढ़ी सामने आई, तो एक बात साफ हो गई, 2025 ने सिर्फ नए चेहरे नहीं दिए, बल्कि आने वाले समय के बड़े सितारे दिखा दिए। एक्शन से भरी फिल्मों से लेकर इमोशनल कहानियों और मज़ेदार कॉमेडी तक, इन कलाकारों ने साबित किया कि वे हर तरह का रोल अच्छे से निभा सकते हैं। अगर 2025 इनकी शुरुआत थी, तो आने वाले साल इन्हीं के नाम होंगे और इंडस्ट्री के साथ-साथ दर्शक भी इन्हें ध्यान से देखते रहेंगे।

(साभार एजेंसी)

# हार्दिक पहले भारतीय, जिनके नाम 1000 रन और 100 विकेट

## गिल 2025 के नंबर-1 बैटर, अभिषेक का तीसरी बार पहली बॉल पर सिक्स, रिकॉर्ड्स




### तीसरे टी-20 के टॉप रिकॉर्ड

**1. हार्दिक 1000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय** – हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह मुकाम 1939 रन और 100 विकेट के साथ हासिल किया। हार्दिक से पहले सिर्फ विदेशी ऑलराउंडर शामिल थे, जिनमें शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी और सिकंदर रजा जैसे स्पिन ऑलराउंडर हैं ।हार्दिक इस रिकॉर्ड में शामिल होने वाले पहले फास्ट बालिंग ऑलराउंडर भी हैं, जिससे उनकी यह उपलब्धि और भी खास है। साथ ही पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं।

**2. शुभमन गिल साल के टॉप स्कोरर बने, शाई होप को पीछे छोड़ा** – भारतीय ओपनर शुभमन गिल इस साल के टॉप स्कोरर बन गए हैं। उनके साल 2025 में तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20 इंटरनेशनल) 1764 रन हो गए हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के शाई होप के 1753 रन को पीछे छोड़ा। उन्होंने अपनी पारी का 18वां रन बनाकर यह माइल स्टोन हासिल किया। गिल ने भारतीय पारी के चौथे ओवर में मार्को यानसन की तीसरी बॉल पर चौका लगाया।

**3. अभिषेक ने तीसरी बार पहली बॉल पर सिक्स लगाया** – अभिषेक शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में तीसरी बार पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इसके साथ ही वह ऐसा करने वाले इकलौते भारतीय बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले रोहित शर्मा, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल यह कारनामा एक-एक बार कर चुके हैं।

**4. चक्रवर्ती के 30 इनिंग में 50 विकेट पूरे** – वरुण चक्रवर्ती भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 30 पारियों में हासिल की। इस मामले में उनसे आगे केवल कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने 29 पारियों में यह मुकाम छुआ था। गेंदों के लिहाज से भी वरुण का प्रदर्शन खास रहा है। उन्होंने 672 गेंदों में 50 विकेट पूरे कर लिए और इस दौरान साउथ अफ्रीका के इमरान ताहिर (681 गेंदें) और अफगानिस्तान के राशिद खान (685 गेंदें) जैसे दिग्गज स्पिनर्स को पीछे छोड़ दिया। इस रिकॉर्ड में वरुण से आगे सिर्फ अजंथा मेंडिस, कुलदीप यादव और वनिंदू हसरंगा हैं।

**5. अर्शदीप के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट** – अर्शदीप सिंह टी-20 इंटरनेशनल के पावरप्ले ओवरों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में अब तक 48 विकेट चटकाए हैं और इस मामले में भुवनेश्वर कुमार (47 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। इस रिकॉर्ड में जसप्रीत बुमराह 33 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने पावरप्ले में 21-21 विकेट लिए हैं।

**6. डी कॉक 9वीं बार टी-20 में शून्य पर आउट** – क्विंटन डी कॉक टी-20 इंटरनेशनल में नौवीं बार शून्य पर आउट हुए। इस मामले में वे साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। उनके बाद एंडिले फेहलुकवायो और रीजा हेंड्रिक्स 7-7 बार डक पर आउट हो चुके हैं।

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 15.5 ओवर में 7 विकेट से मैच जीता। साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 117 रन पर सिमट गई थी। धर्मशाला में हार्दिक ने पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बने।भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने 28 रन बनाए। वे इस साल तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। अभिषेक शर्मा ने तीसरी बार पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी अपने 50 टी-20 इंटरनेशनल विकेट पूरे कर लिए।

# मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप का टिकट दिया

## टीम इंडिया की जर्सी और दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी का सम्मान किया गया। इस मौके पर



आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट और भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की। इसके अलावा, शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया।

सम्मान समारोह के दौरान मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया।

इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा।



## आईपीएल मिनी ऑक्शन इतिहास में

# मात्र 2.75 करोड़ के साथ उतरेगी मुंबई

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की मिनी नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की रणनीति और चुनौतियां सुर्खियों में हैं। पांच बार की चैंपियन यह टीम इस बार नीलामी में सबसे कम बजट के साथ उतरने जा रही है, जिससे उनके सामने टीम संतुलन बनाने की बड़ी परीक्षा होगी। सीमित पर्स, खाली स्लॉट और विदेशी खिलाड़ी की जरूरत ने मुंबई की नीलामी रणनीति को बेहद रोचक बना दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या मुंबई इंडियंस कम बजट में भी स्मार्ट प्लानिंग से मजबूत टीम तैयार कर पाएगी?

### सबसे कम पर्स के साथ नीलामी में उतरेगी मुंबई इंडियंस

16 दिसंबर को होने वाली आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में मुंबई इंडियंस के पास सिर्फ 2.75 करोड़ रुपए का पर्स बचा है। यह रकम सभी 10 फ्रेंचाइजियों में सबसे कम है। मुंबई को अपनी स्क्वाड में कुल पांच खिलाड़ियों की जगह भरनी है, जिसमें एक विदेशी खिलाड़ी का स्लॉट भी शामिल है। इतने सीमित बजट में सही खिलाड़ियों का चयन करना टीम मैनेजमेंट के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।

### आईपीएल ऑक्शन इतिहास में सबसे छोटे पर्स के साथ उतरने वाली टीमें

**मुंबई इंडियंस** – आईपीएल 2026
**पर्स** – 2.75 करोड़
**नीलामी**– मिनी ऑक्शन
**खिलाड़ियों की जरूरत** – 5

**चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल** –2015
**पर्स** – 4.8 करोड़
**नीलामी** – मेगा ऑक्शन
लंबे समय तक यह रिकॉर्ड सीएसके के नाम था

**सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल** –2022
**पर्स** – 6.5 करोड़
**नीलामी** – मेगा ऑक्शन
कोर टीम बनाए रखने की वजह से कम बजट

**कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल** –2020
**पर्स** – 8.5 करोड़
**नीलामी** – मिनी ऑक्शन

**मुंबई इंडियंस आईपीएल**– 2018
**पर्स** – 11.2 करोड़
**नीलामी** – मेगा ऑक्शन
कोर खिलाड़ियों को रिटेन करने का असर

**राजस्थान रॉयल्स** – आईपीएल 2021
**पर्स** –12.15 करोड़
**नीलामी**– मिनी ऑक्शन

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल**–2017
**पर्स** – 13 करोड़
**नीलामी** – मिनी ऑक्शन

**दिल्ली कैपिटल्स –आईपीएल** –2019
**पर्स** – 14.2 करोड़
**नीलामी** – मिनी ऑक्शन

**चेन्नई सुपर किंग्स** –आईपीएल 2019
**पर्स** –14.45 करोड़
**नीलामी** – मिनी ऑक्शन

**पंजाब किंग्स –आईपीएल**– 2020
**पर्स** – 15.6 करोड़
**नीलामी** – मिनी ऑक्शन

### आईपीएल नीलामी इतिहास का नया रिकॉर्ड

मुंबई इंडियंस की मौजूदा स्थिति आईपीएल नीलामी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना रही है। इससे पहले सबसे कम पर्स के साथ नीलामी में उतरने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के नाम था, जिनके पास 2015 की नीलामी से पहले 4.8 करोड़ रुपए बचे थे। मुंबई ने इस आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है, जिससे साफ है कि इस बार उन्हें बेहद सोच-समझकर बोली लगानी होगी।

# भारत ने पहली बार जीता स्क्वाश विश्व कप का खिताब, पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप के फाइनल में रविवार को हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था।

यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया।






विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह (विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

**पीएम मोदी ने दी बधाई** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास रचने और अपना पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की लगन और दृढ़ संकल्प की तारीफ की और कहा कि टीम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत देश को प्रेरित करेगी और युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई! जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह ने जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

# हम आखिर हासिल क्या करना चाह रहे हैं

## मेस्सी के जीओएटी दौरे पर बोले पूर्व ओलंपिक विजेता अभिनव बिंद्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के भारत दौरे के घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी के करीब आने या उसके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किए जाने को लेकर वह काफी दुखी हैं। मेस्सी के तीन दिन के भारत दौरे पर काफी





अराजकता देखी गई चूंकि राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों, उद्योगपतियों और अधिकारियों में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर होड़ रही।

कोलकाता में तो प्रशंसकों के सब्र का बांध टूट गया जो हजारों रूपए के टिकट खरीदने के बावजूद उनकी एक झलक भी नहीं पा सके। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे रुकने और सोचने पर मजबूर किया, इस बात की सच्ची चिंता में कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किये जा रहे हैं। यह ईमानदारी से कमाया गया लोगों का पैसा है और वे चाहे जैसे इसे खर्च करें। लेकिन मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।

बिंद्रा ने हालांकि स्पष्ट किया कि अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान के लिए उनके मन में अपार सम्मान है जो इस समय दुनिया के सबसे चहेते खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने कहा, 'लियोनेल मेस्सी उन खास खिलाड़ियों में से हैं जिनकी कहानी खेल से कहीं आगे है। शारीरिक मुश्किलों से लड़ने वाले एक बच्चे से लेकर एक महान फुटबॉलर तक के उनके सफर ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। मैं उनकी उस खूबी के लिए बहुत सम्मान और तारीफ करता हूं जो उनमे नजर आती है मसलन लगन, विनम्रता और महानता। उन्होंने कहा, 'मैं खेलों का अर्थशास्त्र समझता हूं। मैं व्यावसायिक सच्चाई, वैश्विक ब्रांडिंग और महान खिलाड़ी के आकर्षण को समझता हूं। मैं मेस्सी को किसी भी तरह से गलत नहीं मानता। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर मौके को कमाया है और महानता की तारीफ करना स्वाभाविक है। मेस्सी के जीओएटी दौरे का फुटबॉल से कोई सरोकार नहीं है और उनका कार्यक्रम मुलाकातों तक सीमित है जिसमें प्रशंसकों से सीधे मुलाकात नहीं है। बिंद्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल किए गए संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सकता था।

बिंद्रा ने कहा, 'एक समाज के रूप में हम खेल संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं या दूर से व्यक्ति पूजा कर रहे हैं। खेलों में महान देश पलों के आधार पर नहीं, तंत्र के आधार पर बनते हैं। संयम के साथ। असाधारण सपने देखने वाले साधारण बच्चे में भरोसा करके। बिंद्रा ने कहा, 'मेस्सी जैसे आइकन हमे प्रेरित करते हैं और वह प्रेरणा काफी मायने रखती है। लेकिन प्रेरणा का उद्देश्य भी होना चाहिए। दीर्घकालिन प्रतिबद्धता। विकल्प ऐसे चुनने चाहिए जिनसे हम बस आज भर के लिए रोमांचित नहीं हों बल्कि कल को भी मजबूत करें।

# क्या आईपीएल ऑक्शन में टूटेगा ऋषभ पंत का रिकॉर्ड

## 10 टीमों के पास 237.55 करोड़, 77 स्लॉट ही खाली, कोलकाता-चेन्नई का पर्स सबसे बड़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे से अबू धाबी में शुरू होगा। 10 टीमों के पास 237.55 करोड़ रुपए का पर्स है। नीलामी में 350 प्लेयर्स उतरेंगे, लेकिन 77 ही बिक पाएंगे। क्योंकि टीमों में इतनी ही जगह खाली है। 40 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे ज्यादा 2 करोड़ रुपए है, वहीं 227 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे कम 30 लाख रुपए है। आईपीएल मिनी ऑक्शन में अक्सर टीमें कुछ खिलाड़ियों पर बहुत ज्यादा रकम खर्च कर देती हैं। इतिहास में 6 खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्हें टीमों ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत देकर खरीदा। वहीं ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत पिछले साल मेगा ऑक्शन में बिके। उन्हें 27 करोड़ रुपए में लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा था।

### 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था

ऑक्शन के लिए दुनियाभर के 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, टीमों ने इनमें से कुछ ही प्लेयर्स चुने और उन्हें खरीदने में इंटरेस्ट दिखाया। इसलिए ऑक्शन से पहले बीसीसीआई ने टॉप 350 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर लिया। इनका नाम ही कल की नीलामी में आएगा।

**किस टीम में सबसे ज्यादा जगह खाली** – कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में सबसे ज्यादा 13 प्लेयर्स की जगह खाली है। टीम ने 12 ही प्लेयर्स रिटेन किए, टीम ऑक्शन में 6 विदेशी प्लेयर्स को भी खरीदेगी। पंजाब किंग्स में सबसे कम 4 ही प्लेयर्स की जगह है, पिछली रनर-अप टीम ने 21 प्लेयर्स को रिटेन किया। एक टीम में 22 से 25 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं। पंजाब के बाद मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस में




5-5 प्लेयर्स की जगह खाली है।

**केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है** – सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए है। मुंबई के पर्स में सबसे कम 2.75 करोड़ रुपए है। आरसीबी, आरआर, पीबीकेएस और जीटी के पर्स में 11 से 17 करोड़ रुपए है। वहीं डीसी,एलएसजी और एसआरएच के पर्स में 21 से 26 करोड़ रुपए है।

**173 प्लेयर्स को रिटेन** – 10 टीमों ने 173 प्लेयर्स को रिटेन किया, इनमें से 45 विदेशी हैं। 10 टीमों में 250 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं, इनमें से 80 विदेशी रहना चाहिए। यानी नीलामी में खाली जगह तो 77 हैं, लेकिन इनमें से 25 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं। यानी 52 भारतीय प्लेयर ही बिक पाएंगे।

# हांगकांग : लोकतंत्र समर्थक मीडिया हस्ती जिम्मी लाई राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में दोषी करार

» हांगकांग, भाषा।

**हांगकांग की मशहूर मीडिया हस्ती रहे और चीन के मुखर आलोचक जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक ऐतिहासिक मामले में सोमवार को शहर की अदालत ने दोषी ठहराया। सरकार द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीशों ने 78 वर्षीय लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत करने और राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया। हालांकि लाई ने खुद को निर्दोष बताया है। सजा के संबंध में फैसला बाद में सुनाया जाएगा। हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लाई को आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। लाई (78) को चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अगस्त 2020 में गिरफ्तार किया गया था। यह कानून 2019 में हुए व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद लागू किया गया था।**




हिरासत में बिताए गए पांच वर्षों के दौरान लाई को कई छोटे अपराधों में सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश ने 855 पन्ने के फैसले को पढ़ते हुए, न्यायाधीश एस्थर तोह ने कहा कि लाई ने हांगकांग के लोगों की मदद करने के बहाने चीनी सरकार को गिराने में मदद के लिए अमेरिका को लगातार न्योतौ दिया था। तोह ने कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि लाई ही साजिशों के मास्टरमाइंड थे। न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि सबूतों से एकमात्र सही नतीजा यह निकलता है कि सुरक्षा कानून से पहले और बाद में, लाई का एकमात्र इरादा चीन और हांगकांग के लोगों की कुर्बानी देकर भी सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी को गिराना था। उन्होंने फैसले में लिखा, साजिशों और अलगाववादी प्रकाशनों का यही अंतिम लक्ष्य था। सुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों में लाई की पत्नी और पुत्र के साथ-साथ हांगकांग के रोमन कैथोलिक कार्डिनल जोसेफ जेन भी मौजूद थे। लाई पहले की तुलना में अधिक कमजोर और दुबले दिखाई देने लगे हैं। लाई के खिलाफ इस मुकदमे पर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और राजनीतिक पर्यवेक्षकों की करीबी नजर रही है। लाई के खिलाफ फैसला बीजिंग के कूटनीतिक संबंधों की भी एक परीक्षा माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यह मामला चीन के समक्ष उठाया है, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि उनकी सरकार ने ब्रिटिश नागरिक लाई की रिहाई सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी है। अब बंद हो चुके लोकतंत्र समर्थक अखबार एप्पल डेली के संस्थापक को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए विदेशी शक्तियों से मिलीभगत की साजिश के दो आरोपों में दोषी ठहराया गया है। इसके अलावा उन पर राजद्रोहपूर्ण प्रकाशनों के वितरण की साजिश का एक आरोप भी साबित हुआ है। हांगकांग के व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेशी शक्तियों से मिलीभगत का आरोप सिद्ध होने पर अपराध की प्रकृति और उसमें भूमिका के आधार पर तीन साल की कैद से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। वहीं, राजद्रोह के जुर्म में अधिकतम दो साल की कैद का प्रावधान है। लाई और इस मामले में अन्य आरोपियों के लिए कम सज़ा की दलीलों पर 12 जनवरी को सुनवाई शुरू होनी है। एप्पल डेली हांगकांग सरकार और सत्तारूढ़ चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी का मुखर आलोचक रहा है। पुलिस द्वारा उनके समाचार कक्ष पर 2021 में छापा मारे जाने, वरिष्ठ पत्रकारों को गिरफ्तार किए जाने और संपत्तियां जब्त किए जाने के बाद उन्हें अखबार को बंद करना पड़ा था।

### भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और तेल अवीव विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# भारत–इजराइल संबंधों को मजबूत करने के लिए तेल अवीव विश्वविद्यालय में भारत पीठ की स्थापना की जाएगी तेल

» अवीव, भाषा।

**भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और तेल अवीव विश्वविद्यालय (टीएयू) के बीच सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत इस शैक्षणिक संस्थान में एक भारत पीठ की स्थापना की जाएगी। इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह और तेल अवीव विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एरियल पोराट ने औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे पहली बार टीएयू में भारत पीठ की स्थापना होगी। सिंह ने भारत और इजराइल के बीच शैक्षणिक और अकादमिक सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करने के लिए विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और विभिन्न संकायों के प्रमुखों के साथ भी एक उपयोगी बैठक की।**



भारतीय राजदूत ने विश्वविद्यालय में भारतीय छात्रों के साथ भी बातचीत की और उनके शैक्षणिक अनुभवों और सुझावों पर खुलकर चर्चा की। टीएयू की प्रवक्ता नोगा शाहर ने बताया, इजराइल में यह अपनी तरह की पहली पहल है। इस पहल से टीएयू को हर साल विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के अग्रणी भारतीय छात्रों की मेजबानी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत पीठ के विजिटिंग प्रोफेसर टीएयू में एक पूरा सेमेस्टर बिताएंगे, टीएयू के अनुरोध पर एक पूरा अकादमिक पाठ्यक्रम पढ़ाएंगे और व्याख्यान देंगे। टीएयू के प्रवक्ता ने कहा कि यह व्याख्यान भारत के समकालीन मुद्दों पर आधारित होंगे और टीएयू के सभी छात्रों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी खुले होंगे। एशिया एंगेजमेंट के निदेशक कॉन्स्टेंटिन प्लाटोनोव ने पीटीआई-भाषा को बताया, टीएयू में आईसीसीआर-टीएयू भारत पीठ की शुरुआत करके और स्थाई प्रतिनिधित्व के लिए दिल्ली में टीएयू इंडिया हब की स्थापना करके, हम भारतीय छात्रों, अनुसंधान भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ अपने जुड़ाव को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं।

# जयशंकर द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को इजराइल का दौरा करेंगे



**यरुशलम, भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। एक सूत्र ने बताया, चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी ताकि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा किया जा सके। उनकी यात्रा से कुछ दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी से बातचीत की थी जिस दौरान दोनों नेता बहुत जल्द मिलने पर सहमत हुए। पर्यटन मंत्री हाइम काट्ज़, अर्थव्यवस्था व उद्योग मंत्री नीर बरकत, कृषि व खाद्य सुरक्षा मंत्री अवी डिक्टर और वित्त मंत्री बेज़ालेएल स्मोट्रिच इस साल पहले भारत गए थे। यह दौरे इसलिए हुए क्योंकि भारत और उनके देश के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो रही है और दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। स्मोट्रिच की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए और फिर पिछले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इजराइल यात्रा के दौरान एक संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए गए, जो आगे चल कर एफटीए का आधार बनेगा।

## ग्वाटेमाला में हिंसा में कम से कम पांच लोगों की मौत के बाद आपातकाल घोषित



**ग्वाटेमाला सिटी, भाषा।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने पश्चिमी ग्वाटेमाला की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की रविवार को घोषणा की। ग्वाटेमाला में सशस्त्र लोगों द्वारा एक सैन्य चौकी एवं एक पुलिस थाने पर हमला किए जाने, सड़कों को अवरुद्ध किए जाने और बसों का अपहरण किए जाने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। इन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एरेवालो ने कहा कि आपराधिक गिरोह सुरक्षा बलों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे क्षेत्र पर नियंत्रण कर सकें। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगी। एरेवालो सरकार ने पहली बार आपातकाल घोषित किया है जो सोलोला विभाग सांता कैटरीना इक्स्टाहुआकन और नाहुआला नगरपालिकाओं में 15 दिनों तक लागू रहेगा। एरेवालो ने शनिवार की घटनाओं के वीडियो और तस्वीरें दिखाईं, जिनमें सेना की वर्दी और बुलेटप्रूफ जैकेट पहने सशस्त्र लोग घातक हथियार लेकर एक व्यस्त मुख्य सड़क से कुछ ही मीटर की दूरी पर गोलीबारी करते देखे जा सकते हैं। एरेवालो ने कहा कि ये आपराधिक समूह जबरन वसूली एवं मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े हैं और स्थानीय समुदायों के लिए खतरा पैदा करते हैं। देश के गृह मंत्री मार्को विलेडा ने बताया कि इन हमलों में पांच लोगों की मौत हुई है लेकिन राष्ट्रीय असैन्य पुलिस के निदेशक डेविड बोटेरो ने शनिवार को कहा था कि एक सैनिक सहित छह लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि ये घटनाएं बृहस्पतिवार को शुरू हुई जब हथियारबंद लोगों ने सैन्य चौकी पर हमला किया था, जिसमें चार लोग घायल हो गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉलीवुड अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी लॉस एंजिलिस के आवास में मृत पाए गए: सूत्र

» लॉस एंजिलिस, भाषा।

**हॉलीवुड फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल रविवार को लॉस एंजिलिस स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। कानून प्रवर्तन अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उनपर चाकू से हमले किए गए और परिवार के एक सदस्य से पूछताछ की जा रही है। लॉस एंजिलिस अग्निशमन विभाग ने बताया कि अपराह्न साढ़े तीन बजे के कुछ ही समय बाद उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए एक अनुरोध मिला और जब विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे तो मकान में 78 वर्षीय पुरुष और 68 वर्षीय महिला को मृत पाया।**

रेनर मार्च में 78 वर्ष के हो गए थे। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के कैप्टन माइक ब्लैंड ने बताया कि डकैती और हत्या संबंधी प्रकोष्ठ के जांचकर्ता रेनर के घर पर हुई संभावित हत्या मामले की जांच कर रहे हैं। लॉस एंजिलिस के अधिकारियों ने शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित पॉश ब्रेंटवुड इलाके में एक आवास में मृत पाए गए लोगों की पहचान जाहिर नहीं की है। रेनर हॉलीवुड के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं और उन्होंने 1980 और 90 के दशक में दर्शकों को कई यादगार फिल्में दीं, जिनमें दिस इज स्पाइनल टैप, ए फ्यू गुड मेन , व्हेन हैरी मेट सैली और द प्रिंसेस ब्राइड शामिल है। लॉस एंजिलिस के महापौर करेन बास ने रेनर की मौत को एक क्षति बताया।

### सफल मिशन के बाद भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका में फील्ड अस्पताल का संचालन बंद किया

» कोलंबो, भाषा।

**चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्ईय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।**

इसमें कहा गया है कि इस सुविधा में प्रतिदिन लगभग1,000 से1,200 रोगियों की देखभाल की गई और अस्पताल आघात प्रबंधन सर्जरी सहित महत्वपूर्ण जीवन रक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया, संचालन के दौरान, अस्पताल ने उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, कुल 7,176 रोगियों का इलाज किया, 513 छोटी शल्य प्रक्रियाओं को अंजाम दिया और 14 बड़ी सर्जरी की गई, जिससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में रोगियों को राहत और आराम मिला। दूतावास की तरफ से बताया गया कि मिशन के सफल समापन के बाद, फील्ड अस्पताल ने महियांगनाया में अपना परिचालन समाप्त कर दिया और टीम रविवार को भारत लौट गई।

### चिली में राष्ट्रपति पद के चुनाव में धुर रुढ़िवादी उम्मीदवार की बड़ी जीत

» सैंटियागो, भाषा।

**चिली के राष्ट्रपति पद के चुनाव में धुर रूढ़िवादी उम्मीदवार जोस एंतोनियो कास्ट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी एवं सत्तारूढ़ मध्य-वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार को शिकस्त देकर बड़ी जीत हासिल की। कास्ट की जीत ने देश में 35 वर्षों के लोकतंत्र के दौरान अब तक की सबसे दक्षिणपंथी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। कास्ट को 58.2 प्रतिशत वोट मिले। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बढ़ते अपराध पर सख्त कदम उठाने, लाखों अवैध प्रवासियों को देश से निर्वासित करने और कमजोर अर्थव्यवस्था को फिर से रफ्तार देने का वादा किया था, जिसे मतदाताओं का व्यापक समर्थन मिला।**

कास्ट की प्रतिद्वंद्वी एवं कम्युनिस्ट उम्मीदवार जेनेट जारा को 41.8 प्रतिशत वोट मिले। नतीजों की तस्वीर साफ होने के बाद जारा ने कास्ट को फोन कर अपनी हार स्वीकार की और उन्हें जीत के लिए बधाई दी। कास्ट की जीत की घोषणा के बाद उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वे सड़कों पर उतर आए, खुशी से झूमने लगे, उनके समर्थन में नारे लगाए और वाहनों के हॉर्न बजाए। मतदान समाप्त होने के दो घंटे से भी कम समय में कास्ट को विजई घोषित कर दिया गया।

# दक्षिण-पूर्व एशिया एक प्रमुख बाजार के रूप में उभर रहा है भारत में मौजूद अवसरों को लेकर उत्साहित : कैथे कार्गो

» हांगकांग , भाषा।

**कैथे कार्गो के मालवाहक खंड के निर्देशक डोमिनिक पैरेट ने कहा कि दक्षिणपूर्व एशियाई देश मालवाहक कंपनियों के लिए तेजी से प्रमुख बाजारों के रूप में तब्दील हो रहे हैं जबकि भारत बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। डोमिनिक पेरेट ने यहां साक्षात्कार में कहा कि हांगकांग और चीन इसके सबसे बड़े बाजार हैं लेकिन पिछले कुछ वर्ष में दक्षिण पूर्व एशिया एक असाधारण क्षेत्र के रूप में उभरा है।**




उन्होंने कहा, मिसाल के तौर पर हम हर सप्ताह हनोई के लिए आठ मालवाहक जहाज भेजते हैं। पेरेट ने साथ ही कहा कि सऊदी अरब जैसे देशों में भी हाल के दिनों में ई-कॉमर्स में वृद्धि देखी गई है जिससे इसकी मांग में और इजाफा हुआ है। वर्ष 1946 में अपनी स्थापना के बाद से ही कैथे समूह की सफलता का आधार मालवाहक खंड रहा है जो दुनिया के सबसे व्यस्त मालवाहक हवाई अड्डे, हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एचकेआईए) के माध्यम से वैश्विक व्यापार को जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैथे कार्गो एचकेआईए का सबसे बड़ा हवाई मालवाहक सेवा प्रदाता है और इसने अक्टूबर 2025 में 150,000 टन से अधिक कार्गो को संभाला है। पैरेट भारत में कारोबार को लेकर आशावादी नजर आए। फिलहाल, कैथे समूह की हवाई मालवाहक इकाई एक सप्ताह में भारत के लिए 13 मालवाहक उड़ानें संचालित करती है। उन्होंने कहा कि को-टर्मिनलाइजेशन भविष्य में एक महत्वपूर्ण कारक होगा जो वाहक को भारत में मालवाहक नेटवर्क का विस्तार करने में मदद कर सकता है। को-टर्मिनलाइजेशन से तात्पर्य है कि एक ही मालवाहक जहाज हांगकांग लौटने से पहले भारत के एक से अधिक शहरों में सेवा प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत में को-टर्मिनलाइजेशन को नीतिगत दृष्टिकोण से देखा जाएगा।

### दिवाली को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत का दर्जा मिलने को लेकर ह्यूस्टन में उत्सव

**ह्यूस्टन, भाषा।**यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में दिवाली को शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में यहां भारतीय मिशन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले सप्ताह आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और एक लाइट शो शामिल था। इस समारोह में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और अन्य भारत-अमेरिकी प्रवासी संगठनों के सहयोग से यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में दिवाली के शामिल होने के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया।

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने तीन तालिबान आतंकवादियों को मार गिराया

**पेशावर, भाषा।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में एक प्रमुख कमांडर सहित तीन तालिबान आतंकवादी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) यासिर अफरीदी ने यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले के ममंद खेल इलाके में एक स्कूल के पास हुए ड्रोन हमले में तीन लडक़ों की जान चली गई थी जिसके बाद रविवार को यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में तहरीक-ए-तालिबान कमांडर दानिश उर्फ इंसाफ उर्फ सबावोन, जरारी समूह का टारगेट किलर अबू सालेह डावर जरारी और स्पिन वाम का निवासी आतंकवादी अता-उर-रहमान शामिल हैं। घायल आतंकवादी की पहचान दरवेश के रूप में हुई है और बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर है।

# अपदस्थ प्रधानमंत्री ओली की पार्टी आज नए नेतृत्व का चुनाव करेगी

» काठमांडू, भाषा।

**नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल मंगलवार को पार्टी की महाधिवेशन के दौरान अपने नए नेतृत्व का चयन करेगी। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) का 11वां महाधिवेशन रविवार को यहां भृकुटीमंडप में बंद कमरे में शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार को संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे से पांच बजे तक मतदान होगा, जिसके लिए पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल करेगी।**



सूत्रों के मुताबिक, चुनाव में लगभग 2,260 पात्र पार्टी सदस्यों के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की उम्मीद है। सीपीएन-यूएमएल के निवर्तमान अध्यक्ष ओली और वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर पोखरेल पार्टी के शीर्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। ओली तीसरी बार पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की कोशिशों में जुटे हैं। सीपीएन-यूएमएल की ओर से शनिवार को भक्तपुर जिले के सल्लघारी में आयोजित रैली में ओली ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी सहयोगियों का समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि सितंबर में जेन जेड समूह के नेतृत्व में हुए आंदोलन के दौरान यूएमएल के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद पार्टी एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। सूत्रों के अनुसार, जेन जेड समूह के आंदोलन के बाद पार्टी के भीतर शीर्ष नेतृत्व में बदलाव और केंद्रीय समिति सहित प्रमुख पदों पर युवाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग जोर पकडऩे लगी है।

### सिंगापुर में विलासिता की वस्तुओं पर सबसे अधिक खर्च करने वालों में भारतीय पर्यटक शामिल

**सिंगापुर, भाषा।** भारतीय पर्यटक सिंगापुर में विलासिता की वस्तुओं पर सबसे अधिक खर्च करने वालों में से हैं। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय पर्यटकों ने 2025 की पहली छमाही में सिंगापुर में 81.217 करोड़ सिंगापुर डॉलर खर्च किए जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.40 प्रतिशत अधिक है। ऑर्केड रोड बिजनेस एसोसिएशन (ओआरबीए) के चेयरमैन मार्क शॉ ने कहा, भारतीय यात्री, द्वीप राष्ट्र के सबसे व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक बने हुए हैं और वे उन पर्यटकों में शामिल हैं जो सिंगापुर में विलासितापूर्ण खर्च को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। ओआरबीए सिंगापुर की प्रमुख संस्था है जो ऑर्केड रोड का प्रबंधन एवं प्रचार करती है जो एक प्रमुख शॉपिंग बेल्ट है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के अलावा, चीन और इंडोनेशिया के पर्यटक भी विलासितापूर्ण खर्च में वैश्विक गिरावट के बावजूद सिंगापुर में विलासिता पर काफी खर्च कर रहे हैं। शॉ ने कहा, भारतीय यात्रियों का खर्च अधिक होता है और वे औसत से अधिक यानी 6.3 दिन तक ठहरते हैं। इन लंबी यात्राओं के परिणामस्वरूप वे खुदरा, भोजन, मनोरंजन, दर्शनीय स्थलों और आवास पर अधिक खर्च करते हैं। एसटीबी के आंकड़ों के अनुसार, सिंगापुर में भारतीय पर्यटकों की संख्या साल के पहले 10 महीनों में 10 लाख तक पहुंच गई जो पिछले साल की तुलना में 2.6 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर जनवरी से अक्टूबर 2025 के दौरान सिंगापुर में 1425 लाख पर्यटक आए जो 2.5 प्रतिशत की वृद्धि है।

### 50 वर्षीय एक हमलावर को पुलिस ने मार गिराया

# सिडनी में यहूदी उत्सव पर आतंकी हमला, पिता–पुत्र ने बरसाई गोलियां, 15 लोगों की मौत

» सिडनी, भाषा।

**ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक बच्चे सहित 15 लोगों की मौत हो गई। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने इसे यहूदी-विरोधी आतंकवाद का कृत्य बताया। अधिकारियों के अनुसार, हमलावर पिता और पुत्र थे। ऑस्ट्रेलिया के सबसे लोकप्रिय समुद्र तटों में से एक पर हुआ यह नरसंहार पिछले एक साल में देश में लगातार हुईं यहूदी-विरोधी घटनाओं के बाद सामने आया। हालांकि, अधिकारियों ने इन घटनाओं और रविवार की गोलीबारी के बीच कोई सीधा संबंध नहीं बताया।**




सख्त बंदूक कानूनों वाले इस देश में यह लगभग तीन दशकों में सबसे वीभत्स हमला था। न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त माल लैनन ने बताया कि 50 वर्षीय एक हमलावर को पुलिस ने मार गिराया, जबकि उसका 24 वर्षीय बेटा घायल हुआ और अस्पताल में उसका उपचार हो रहा है। पुलिस ने कहा कि एक हमलावर सुरक्षा एजेंसियों के लिए जाना-पहचाना था, लेकिन किसी हमले की पूर्व योजना के संकेत नहीं मिले थे। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिंस ने बताया कि मृतकों की उम्र 10 से 87 वर्ष के बीच थी। सोमवार सुबह तक कम से कम 42 लोग अस्पतालों में भर्ती थे, जिनमें कई की हालत गंभीर थी। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा, जो हमने देखा वह पूरी तरह यहूदी-विरोधी आतंकवाद का कृत्य था। यह ऑस्ट्रेलिया के उस महत्वपूर्ण स्थान बॉन्डी बीच पर हुआ, जो खुशी, परिवारों और उत्सवों से जुड़ा है। जो हुआ है, उसने इसे हमेशा के लिए कलंकित कर दिया है। यह हमला ऐसे दिन किया गया जब हजारों लोग बॉन्डी बीच पर जुटे थे। इनमें सैकड़ों लोग आठ दिन चलने वाले हनुक्का उत्सव की शुरुआत के अवसर पर आयोजित चानुका बाय द सी कार्यक्रम में शामिल थे। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक इजराइली नागरिक की मौत की पुष्टि की, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बताया कि मारे गए लोगों में फ्रांसीसी नागरिक डैन एल्कायम भी शामिल था। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने किसी भी पीड़ित या हमलावर का आधिकारिक रूप से नाम जारी नहीं किया। हालांकि, द ऑस्ट्रेलियन अखबार के अनुसार लारिसा क्लेटमैन नाम की महिला ने बताया कि उनके पति अलेक्ज़ेंडर क्लेटमैन की भी मौत हो गई है। यह दंपति नरसंहार के जीवित बचे लोगों में शामिल था। हनुक्का समारोह में मौजूद वकील आर्सेन ओस्त्रोव्स्की के सिर को गोली छूकर निकल गई। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह से नरसंहार था, चारों ओर लाशें बिखरी थीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऑस्ट्रेलिया में ऐसा होगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2.8 करोड़ की आबादी वाले ऑस्ट्रेलिया में लगभग 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, अक्टूबर 2023 के बाद यहूदी-विरोधी घटनाएं तीन गुना से अधिक बढ़ीं। पुलिस ने कहा है कि इस नरसंहार से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति की तलाश नहीं है और घटना की गहन जांच की जाएगी। मौके से दो देसी बम भी बरामद किए गए हैं जिन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे यहूदी-विरोधी आतंकवादी हमला बताया और इसकी कड़ी निंदा की है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886